नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 288 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 12 अगस्त 2023



पेज -4 पर सकारात्मक सोच ही समाज को सकारात्मक नेतृत्व दे सकता है - आचार्य राकेश

अभाविप ने किया स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा अनावरण पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## मलका कंपनी के नाम से खरीदी गई जमीन के नामांतरण पर रोक

### पटवारी ने तहसीलदार को सौंपी रिपोर्ट

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।


धरमजयगढ़ के दमास क्षेत्र में प्रस्तावित एक लघु जल विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन में नियमों की अनदेखी करने के मामले में अब एक और तथ्य सामने आया है। जिसमें यह बात सामने आई है कि कंपनी द्वारा परियोजना में प्रभावित जिस जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है,



अब उसके नामांतरण पर रोक लगाने का प्रतिवेदन दिया गया है। संबंधित रजिस्ट्री दस्तावेज के अवलोकन से पता चला है कि यह जमीन कंपनी के मैनेजर विवेक सिंह द्वारा कंपनी के नाम पर क्रय की गई है। इस रजिस्ट्री के माध्यम से खसरा नंबर 1379/1/घ रकबा करीब एक एकड़ जमीन की खरीदी कंपनी द्वारा किया गया है। राजस्व अभिलेख से यह पता चलता है कि इस खसरे का मूल नंबर बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है और संबंधित भू स्वामी को शासन से पट्टे पर प्राप्त हुई थी। सन 1985 में तहसीलदार के आदेश से इस जमीन का भूस्वामी हक संबंधित पट्टेदार को दिया गया। इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि यह जमीन बड़े झाड़ के जंगल मद की जमीन का हिस्सा है। अब इस जमीन के नामांतरण पर रोक लगाने के लिए संबंधित हल्का पटवारी ने तहसीलदार को रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि संबंधित भूमि के परियोजना में प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। जिसके कारण इस भूमि के नामांतरण पर फिलहाल रोक लगाने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। संबंधित हल्का पटवारी बाल मुकुंद सारथी ने नामांतरण पर रोक लगाने के संबंध में तहसीलदार को रिपोर्ट किये जाने की पुष्टि की है। पटवारी ने बताया कि कंपनी या विभाग द्वारा उन्हें कोई भी दस्तावेज नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी के जिम्मेदार को दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया है। इसके पूर्व धरमजयगढ़ एसडीएम ने भी मलका कंपनी के इस प्रोजेक्ट से संबंधित सभी दस्तावेज पेश करने के लिए नोटिस जारी करने की बात कही थी। बता दें कि मलका कंपनी के इस परियोजना में प्रभावित निजी जमीनों के अधिग्रहण को लेकर नियमों की अनदेखी किये जाने के बारे में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स के बाद स्थानीय प्रशासन ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए मामले की जांच की बात कही थी। वहीं अब इस परियोजना में प्रभावित निजी भूमि की रजिस्ट्री नामांतरण पर फिलहाल रोक लगा दिया गया है। इन सब के बीच यह बात भी सामने आ रही है कि संबंधित कंपनी परियोजना में प्रभावित होने वाले निजी जमीनों को लेकर स्थानीय प्रशासन को अंधेरे में रख रही है क्योंकि जानकारी के मुताबिक मलका कंपनी द्वारा एसडीएम को आधे अधूरे दस्तावेज सौंपे गए हैं, जिनमें निजी जमीन से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई गई है। वहीं हमने धरमजयगढ़ एसडीएम को ऐसे दस्तावेज का अवलोकन कराया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस परियोजना में 5 किसानों की निजी जमीन प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर इस मामले में मलका कंपनी के किसी भी जिम्मेदार द्वारा अब तक सार्वजनिक तौर पर या स्थानीय प्रशासन को इस बात की जानकारी शायद जानबूझकर नहीं दी जा रही है कि संबंधित परियोजना में निजी जमीन प्रभावित हो रही है। यह स्थिति काफी निराशाजनक है कि संबंधित कंपनी द्वारा भू-अर्जन नियमों को ठेंगा दिखाते हुए और स्थानीय प्रशासन को धोखे में रखकर इस परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम मोदी के भाषण पर सीएम बघेल ने जताई निराशा

### सवा दो घंटे क्या बोले, किसी को समझ नहीं आया



**रायपुर।** अविश्वास प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए भाषण पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सवा 2 घंटा क्या बोले, किसी को समझ नहीं आया. पीएम मोदी के भाषण से देश को निराशा हुई. राहुल गांधी को रोकने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी रुकने वाले कहां हैं. जहां अन्याय होता है, वहां राहुल गांधी पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में संकल्प शिविर को लेकर कहा कि पश्चिम विधानसभा से संकल्प शिविर की शुरुआत हुई है, सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में शिविर का आयोजन होगा. पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शिविरों में जीत का संकल्प लेकर जाएंगे. कार्यकर्ताओं में उत्साह, सभी बूथों में कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

## वृद्धावस्था और विधवा पेंशन 350 से बढ़ाकर 500 रुपये की गई, मंत्रालय से आदेश जारी





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नए बजट में निराश्रित, बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की थी. उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की मासिक पेंशन 350 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति माह कर दी गई है।

समाज कल्याण विभाग ने गुरुवार को मंत्रालय से आदेश जारी किया। वर्तमान में 22.38 लाख से अधिक लोग विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सामाजिक सहायता कार्यक्रम की पेंशन योजना राशि में 1 जुलाई से बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब 60 से 79 आयु वर्ग के लाभार्थियों को 500 रुपये की जगह 500 रुपये पेंशन मिलेगी। इस योजना में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लाभार्थियों को 650 रुपये की पेंशन मिलेगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 350 रुपये की जगह 500 रुपये पेंशन दी जाएगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना में 500 रुपये मिलेंगे।

### एक नजर

## रायपुर के जयस्तंभ चौक में चाकूबाजी

### अज्ञात लोगों ने युवक पर किया तबड़तोड़ हमला



**रायपुर।** प्रदेश में चाकूबाजी, लूटपाट का ग्राफ आए दिन बढ़ रहा है। लगातार अपराधी कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर से सामने आया हैं, जहां एक युवक पर चाकुओं से हमला किया गया है। घटना के बाद युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी हैं।मिली जानकारी के अनुसार, घटना गोलबाज़ार थाना क्षेत्र के जयस्तंभ चौक का है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना गुरुवार देर रात की है। घटना के बाद पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक को चाकू से हमला ?कर रहे हैं जिसके बाद युवक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाता है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों की तलाशी कर रही है।

### छत्तीसगढ़ के सिटिंग विधायक के टिकट कटेंगे

## इस बार 'जय वीरू' नहीं, 'काका बाबा' की जोड़ी रहेगी मैदान में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ में भी मिशन 2023 की तैयारी शुरू हो गई है। दोनों राज्यों में जहां सत्ताधारी दल फिर से सत्ता पर काबिज होने के प्रयास में जुट गए हैं वहीं विपक्षी दल भी सत्ता में वापसी के लिए तमाम गुणा-भाग में लग गए हैं। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचे छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। कहा कि छत्तीसगढ़ में कुछ सिटिंग विधायकों (MLA) के टिकट कट सकते हैं।

डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने संकेत दिया कि छत्तीसगढ़ के सभी 71 विधायकों को टिकट देना मुश्किल है। मेरे हिसाब से टिकट में कुछ चेंज होंगे। जिसका परफॉर्मेंस अच्छा उसका टिकट नहीं बदलना जाएगा। कहा कि-'हमने सर्वे करवाया उसमें हम विधानसभा चुनाव जीत रहे हैं'। सर्वे में सामने आया कि कौन मजबूत और कौन कमजोर है। पिछली बार उम्मीद से ज्यादा सीटें मिली थी। बोले कि- इस बार 'जय वीरू' नहीं, 'काका बाबा' की जोड़ी मैदान में रहेगी। वहीं एक खास अंगूठी पहनने पर टीएस सिंहदेव बोले कि अंगूठी पहनने के बाद छत्तीसगढ़ का डिप्टी सीएम बना हूं।



### डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने दिए संकेत

### छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

## स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ रहे असर को देखते हुए उठाया कदम



**रायपुर।** मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से बच्चों के स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने बड़ा कदम उठाया है. दिल्ली के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। शिक्षा निदेशालय ने मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है. इसके अनुसार, स्कूलों को छात्रों और अभिभावकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करना होगा, जिससे वे आपातस्थिति में बात कर सकेंगे. निदेशालय ने इसके साथ अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे सुनिश्चित करें कि उनका बच्चा स्कूल में मोबाइल लेकर न जाए. एडवायजरी के अनुसार, अगर छात्र मोबाइल लेकर आता है तो स्कूल अधिकारी उसे लॉकर में रखने की व्यवस्था करेंगे, ताकि कक्षाएं समाप्त होने पर छात्र को लौटाया जा सके. शिक्षक और दूसरे कर्मी भी शिक्षण गतिविधियों के दौरान कक्षा, खेल के मैदान, प्रयोगशाला और पुस्तकालय में मोबाइल का इस्तेमाल करने से परहेज करें.

### स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी में करेंगे ध्वजारोहण



**रायपुर।** प्रदेश में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे. अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रिगण और संसदीय सचिव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

## रायपुर में वंदे-मातरम गीत गाने का बना रिकॉर्ड



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस से पहले आजादी का भव्य जश्न मनाया गया। साइंस कॉलेज ग्राउंड में शुक्रवार को मेरी शान-वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह-सुबह हजारों लोगों ने एक साथ वंदे मातरम गीत गाया। इस अभियान को वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भी भेजा गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन ओम मंडली वसुदेव कुटुंबकम संस्था ने किया। जहां सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि परमवीर चक्र विजेता एलओसी करगिल वार के हीरो योगेंद्र सिंह यादव भी पहुंचे।

परमवीर चक्र योगेंद्र सिंह यादव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की इस धरती से देश के वीर शहीदों को नमन करता हूं। इस तरह राष्ट्रभक्ति के पथ पर यूथ को हमेशा आगे बढ़ना चाहिए। देश का युवा राष्ट्र निर्माण में इसी भाव के साथ आगे बढ़ेगा तो यह देश सुपरपावर जरूर बनेगा।





कार्यक्रम के मंच पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय एक साथ दिखे। सभी ने हाथ जोड़कर वंदे मातरम गीत गाया। कार्यक्रम के पहले एक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। इसके अलावा अलग-अलग स्कूल कॉलेज से बच्चे भारत माता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पोशाक पहनकर ग्राउंड पर दिखे। देखते ही देखते पूरा ग्राउंड लोगों की भीड़ से भरा नजर आया। सभी ने देश की आजादी के लिए मर मिटने वालों को याद किया। इस दौरान वंदे मातरम गीत गाते हुए लोग भावुक भी हुए।

### मराठा समाज के लोग भी पहुंचे

मराठा युवा समाज के सदस्य भी इस कार्यक्रम में पहुंचे। राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाकर विश्व रिकॉर्ड के कीर्तिमान में सहयोग दिया। पुरुष वर्ग मराठा वेशभूषा में नजर आए भगवा पगड़ी पहने थे और महिलाएं मराठी नथ पहनी हुई थीं। अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि समाज के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिला प्रमुख सुषमा महाडिक, संरक्षक राहुल डूकरे, मनीष भोंसले समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### स्मृति दिवस....

### मिनीमाता स्मृति दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## समतामूलक समाज के निर्माण में मिनीमाता का योगदान अविस्मरणीय- मुख्यमंत्री







**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित शहीद स्मारक भवन में आयोजित मिनीमाता स्मृति दिवस एवँ प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, राजश्री सद्भावना समिति एवं समस्त सतनामी समाज रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर सतनामी समाज बहुल हर विकासखण्ड में मॉडल जैतखाम के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सतनामी समाज के 11 महिलाओं को प्रतीक स्वरूप सम्मानित भी किया। साथ ही उन्होंने गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने मौके पर अकादमी के साहित्य प्रकाशन का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में पूर्व सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए शोषण, भेदभाव तथा अत्याचार से मुक्त और समतामूलक समाज के निर्माण में उनका योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज की उन्नति तथा विकास के लिए निरंतर कार्य किया। मिनीमाता छत्तीसगढ़ की पहली महिला थी, जो सांसद बनी थी। वर्ष 1952 से 1972 तक सारंगढ़, महासमुंद तथा जांजगीर से वे सांसद रही। उन्होंने इस दौरान समाज की उन्नति के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य करती रहीं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मिनीमाता ने अपना राजनीतिक जीवन शुरू होने के बाद सामाजिक उत्थान काम और तेज कर दिया। जिन बुराईयों और विसंगतियों को वे बचपन से देखती आई थीं, उन्हें मिटाने के लिए अब उनके पास लोकतंत्र और संविधान की ताकत भी थी।

### धान की सम्पूर्ण पैदावार को खरीदने का केंद्र सरकार ने लिया निर्णय

## क्या राज्य सरकार में दम है- बृजमोहन



**रायपुर.** पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रेसवार्ता कर छत्तीसगढ़ के किसानों को बधाई दी है. उन्होंने कहा, आने वाली दिवाली छत्तीसगढ़ के किसानों की खुशहाल रहेगी. केंद्र सरकार के धान खरीदी के निर्णय पर पीएम मोदी को आभार प्रकट करते हैं. धान की सम्पूर्ण पैदावार को खरीदने का केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है. केंद्र सरकार सपोर्ट प्राइस पर1 करोड़ 30 लाख टन चावल खरीदेगी. जिसे बार-बार सीएम कहते रहते हैं. क्या राज्य सरकार में दम है कि वह यहां के किसानों का धान खरीद पाए ? आगे बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, राज्य सरकार ने केवल 24 हजार करोड़ रुपए इन्वेस्टमेंट किया है. 20 क्विंटल भी धान केंद्र सरकार खरीदने के लिए तैयार है. पूरी उपज का 81-82त्न चावल केंद्र की सरकार ले लेती है. लगभग 80 प्रतिशत पैसा केंद्र की सरकार देती है. अब राज्य सरकार को भी अपना धान खरीदने का लक्ष्य 150 लाख टन कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्य सरकार को 134 रुपए में धान खरीदना चाहिए. पिछले 4 सालों में 92त्न चावल केंद्र ने खरीदा है. 80 से अधिक प्रतिशत चावल यहां की केंद्र सरकार ले लेती है. केवल आरोप लगाने का काम कांग्रेस करती है. साथ ही उन्होंने कहा, धान खरीदी पर बीजेपी अभियान चलाएगा.

# नजरिया: गृह मंत्रालय के सीधे हस्तक्षेप से ही सामने आएगा मणिपुर हिंसा का सच

केंद्र सरकार को मणिपुर में हिंसा भड़काने के मामले में चीन पर अंकुश लगाने के लिए एक नई रणनीति बनानी होगी। दरअसल पूर्व सैन्य प्रमुख एमएम नरवाणे ने खुलासा किया है कि मणिपुर में हिंसा भड़काने के लिए विभिन्न विद्रोही गुटों की सहायता करने में चीन की भागीदारी की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। मणिपुर म्यांमार के साथ 400 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जो राजनीतिक उथल-पुथल की चपेट में है, इसलिए हथियार एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए वहां से संचालित विद्रोही गुटों का झुकाव चीन की तरफ है।

आतंकी समूहों को तस्करी के जरिये हथियार मुहैया कराने का चीन का इतिहास रहा है, जिसके बारे में सैन्य जनरलों ने चार साल पहले कहा था। विश्लेषकों का कहना है कि गृह मंत्रालय को मणिपुर की स्थिति संभालने के लिए सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए और पूर्व सैन्य प्रमुख ने जिस तरह से इसके पीछे विदेशी हाथ होने की आशंका जताई है, उसकी जांच करनी चाहिए।

उनकी आशंका को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता के अलावा उनका कोई निहित स्वार्थ नहीं हो सकता। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने भी सीमा पार से शत्रुओं के घुसपैठ की आशंका जताई है।

ध्यान रखना चाहिए कि म्यांमार से घुसपैठियों के प्रवेश को विपक्ष हमारे सुरक्षा बलों की विफलता बता रहा है। भारत को चीन की संदिग्ध भूमिका की जांच अवश्य करनी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्व सेना प्रमुख के पास म्यांमार से संचालित होने वाले विद्रोही समूहों के माध्यम से चीनी सहायता के बारे में कुछ सुराग हो सकते हैं। चीन हमेशा शांतिपूर्ण सीमावर्ती राज्यों, जैसे- मणिपुर, अरुणाचल आदि को अस्थिर करने का प्रयास करेगा, जो रणनीतिक रूप से उसके लिए उपयुक्त है। यहां तक कि म्यांमार की सेना ने भी चीन पर आतंकी समूहों की मदद करने का आरोप लगाया है। म्यांमार के सैन्य जनरलों ने अराकन आर्मी (एए) और अराकन रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) जैसे आतंकवादी संगठनों को आपूर्ति किए जा रहे हथियारों के बारे में म्यांमार की चिंताओं को उजागर किया था, जो चीन की सीमा से लगे पश्चिमी म्यांमार के रखाइन प्रांत में सक्रिय थे। सैन्य



अधिकारियों ने चीन निर्मित हथियारों का हवाला दिया था, जिनका इस्तेमाल आतंकवादी समूहों ने 2019 में सेना पर किए गए बारूदी हमलों में किया था।

इस पृष्ठभूमि में चीन म्यांमार में सैन्य शासन के तहत दबाव महसूस करने वाले विद्रोहियों का समर्थन करने के लिए म्यांमार सीमा का उपयोग करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। चूंकि दुनिया का ध्यान अभी यूक्रेन युद्ध की तरफ है, इसलिए म्यांमार का सैन्य शासन आंग सान सू की के नेतृत्व वाले लोकतांत्रिक ताकतों पर ज्यादती कर रहा है और भारत तटस्थ रुख अपनाए रखने की कोशिश कर रहा है, जो महंगा साबित हो रहा है, क्योंकि म्यांमार की सेना और आम लोगों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि म्यांमार के सैन्य जनरलों को सत्ता से चिपके रहने से मतलब है, इसलिए उन्हें घुसपैठ और मणिपुर के हिंसक विद्रोही गुटों को सीमा पार से हथियारों की आपूर्ति की कोई चिंता नहीं है। मणिपुर में लगातार गृहयुद्ध जैसी स्थिति पड़ोसी राज्यों में भी 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकती है, जहां भाजपा का वर्चस्व है। इस वर्ष के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होंगे, जो 2024 में केंद्र में सत्ता में बने रहने की खातिर भाजपा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। मणिपुर में शांति की स्थापना भाजपा के लिए अनिवार्य है, क्योंकि वहां की सरकार को डबल इंजन की सरकार कहा जाता है।

> गृह मंत्रालय को मणिपुर की स्थिति संभालने के लिए सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए और पूर्व सैन्य प्रमुख ने जिस तरह से इसके पीछे विदेशी हाथ होने की आशंका जताई है, उसकी जांच करनी चाहिए।

वहां शांति स्थापित करने में विफलता से नकारात्मक संदेश जाएगा, क्योंकि विपक्ष पर बढ़त पाने के लिए भाजपा अक्सर डबल इंजन सरकार का नारे के रूप में उल्लेख करती है। इसके अलावा, आगामी चुनावों में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष भी इस मुद्दे पर फायदा उठा सकती है। भले ही मणिपुर मुद्दे को हमारा आंतरिक मामला बताया जा रहा है, लेकिन यूरोपीय संसद ने एक प्रस्ताव पारित कर हमारी सरकार से तमाम जरूरी कदम उठाने और ईसाई समुदाय जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने के लिए जातीय एवं धार्मिक हिंसा को तत्काल रोकने के लिए अधिकतम प्रयास करने को कहा है।

इससे पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि खराब हुई है। भारत ने औपनिवेशिक मानसिकता रखने के लिए यूरोपीय संसद को फटकार लगाई है। लेकिन मणिपुर हिंसा मोदी सरकार और नवगठित विपक्षी गठबंधन %इंडिया% के बीच खुले टकराव का मुद्दा बन गई है, जिसने अपने 21 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को मणिपुर भेजा था। विपक्ष ने संसद की कार्यवाही को बाधित किया और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर मुद्दे पर संसद से बाहर संक्षिप्त टिप्पणी की और राष्ट्र को गुमराह करने के लिए विपक्ष को कोसा। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्यों-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर अत्याचार रोके जाने के लिए कहा, जिससे कांग्रेस नेतृत्व नाराज हो गया। अब संसद में आमने-सामने की लड़ाई जारी है।

केएस तोमर

## संपादकीय

### मणिपुर में बिगड़ते हालात

मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां की पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है।

मणिपुर में अशांति की शुरुआत हुए तीन महीना गुजर गए हैं, लेकिन आज भी हर रोज आने वाली खबर वहां लगातार बिगड़ रहे हालात का संकेत दे रहे हैं। अब तक बात दो समुदायों के बीच हो रही हिंसा की थी। लेकिन अब झगड़ा राज्य पुलिस और एक अर्ध सैनिक बल के बीच तक पहुंच गया है। पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवान आपस में तू तू-मैं मैं करते देखे गए। फिर खबर आई कि असम सरकार ने चूराचांदपुर और विष्णुपुर के बीच मौजूद एक चौकी से असम राइफल्स की टुकड़ी को हटने का आदेश दिया। अब खबर आई है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है। इसमें असम राइफल्स पर कुकी चरमपंथियों को भागने का मौका देने और उन्हें संरक्षण देने का इल्जाम लगाया गया है। यहां इस बात को रेखांकित करने की जरूरत है कि असम राइफल्स की कमान भारतीय सेना के पास है। क्या बात किसी आम कल्पना में समा सकती है कि भारतीय सेना उग्रवादियों की मदद कर रही है? लेकिन मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में संभवत: अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है।

# बदलते मौसमी दौर में खेती, व्यापक है ऋतु चक्र में बदलाव का असर

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन का दुनिया भर में कृषि पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। जलवायु में आने वाले परिवर्तन से न सिर्फ कृषिगत उत्पादन की मात्रा प्रभावित हुई है, बल्कि उसकी गुणवत्ता में भी कमी आई है।

इसका सीधा असर कृषि उत्पादन और इससे अपनी जीविका चलाने वाले लोगों पर पड़ा है। कृषि के प्रभावित होने से दुनिया भर में अरबों परिवार खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं।

चिंताजनक बात है कि शहरीकरण में आई तेजी के कारण जहां एक तरफ कृषि भूमि का रकबा सिमटता जा रहा है, वहीं ग्लोबल वार्मिंग के कारण संपूर्ण आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त पोषण और गुणवत्ता वाले खाद्यान्न उत्पादन की धरती की क्षमता भी कम होती जा रही है। मानसून की अनियमितता और जल स्रोतों के सूखने से फसल की पैदावार प्रभावित हो रही है।

खाद्य उत्पादन में कमी होने से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी होती है, जिससे एक बड़ा वर्ग जरूरी पोषण से वंचित हो जाता है और कुपोषण तथा भुखमरी की समस्या विकराल हो जाती है। जलवायु परिवर्तन से कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन भी प्रभावित होता है। इस तरह जलवायु परिवर्तन के कारण राष्ट्रीय आय में कमी आती है।

दरअसल, लंबे समय तक कठोर मौसम या एकाएक आने वाली प्राकृतिक आपदाएं फसलों को लील लेती हैं। इससे एक तरफ



**कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जहां उत्पादन पर असर पड़ता है, वहीं खाद्यान्न, पोषण, पशुपालन और रोजगार का संकट भी पैदा होता है।**

किसानों की मेहनत व्यर्थ हो जाती है, तो दूसरी तरफ खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने लगता है। जलवायु परिवर्तन का कृषि उत्पादन में सहयोगी तत्वों की स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मिट्टी, पानी, हवा और नमी की स्थिति को स्थानीय जलवायु प्रभावित करती है। अतिवृष्टि या अनावृष्टि के कारण मृदा का क्षरण होता है, जिससे वह बंजर होने लगती है। जलस्रोतों के सूखने से फसलों का उत्पादन तो प्रभावित होता ही है, कृषि-मित्र कीटों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है।

अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण 2050 तक वैश्विक खाद्य पैदावार में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। जलवायु परिवर्तन और कृषि संबंधी गतिविधियां आपस में जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन खेतों को नष्ट कर देता है। अत: बड़ी संख्या में किसान परिवार खेती छोड़ नए काम की तलाश में पलायन करने को मजबूर होते हैं।

पशुपालन को भी जलवायु परिवर्तन प्रभावित करता है। वातावरणीय तापमान में तीव्र परिवर्तन से जानवरों का स्वास्थ्य, प्रजनन, पोषण आदि भी प्रभावित होता है, जिससे पशु-उत्पाद तथा इनकी गुणवत्ता में भी गिरावट आती है। तापमान में वृद्धि, बाढ़, ठंड और तेज हवा आदि जानवरों के स्वास्थ्य, शारीरिक वृद्धि और उत्पादकता को प्रभावित करती हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण जानवरों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है और वे अपनी क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर पाते हैं। तापमान में वृद्धि से सूखे और अत्यधिक वर्षा के समय चरागाह का विकास भी प्रभावित होता है, जिससे जानवरों के पोषण में बाधा आती है। कृषि उत्पादन प्रभावित होने से भी जानवरों को खिलाए जाने वाले फसल अवशेष में कमी आ जाती है। ऐसे में कई जानवर पोषण में कमी, बीमारी से जूझते हैं, जिससे उनकी जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है और ऐसे पशुओं को पालना किसानों के लिए फायदेमंद नहीं होता है।

जाहिर है, एक कृषि-प्रधान देश में जलवायु परिवर्तन उस राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने का काम करता है। कृषिगत उत्पादन प्रभावित होने से एक बड़ी आबादी रोजगार विहीन हो जाती है। उत्पादन कम होने से राष्ट्र के समक्ष खाद्य असुरक्षा के बादल घिर जाते हैं, जिससे गरीबी, कुपोषण और भुखमरी का संकट गहराने लगता है। मौसमी संकट से कृषि को महफूज रखने के लिए एक तरफ जहां जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण पाना आवश्यक है, वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट कृषि, मृदा की गुणवत्ता का ख्याल रखने, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप पद्धति का प्रयोग करने और भोजन की बर्बादी रोकने की दिशा में भी ठोस पहल की दरकार है।

सुधीर कुमार

## मिला जुला

# गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर गूंजा नूंह, हिंसा के डर से सहमे लोग घरों में हुए कैद



**हरियाणा** के नूंह जिले के गांव सीलखों में गुरुवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ से लोग सहम गए। एक घंटे तक हुई फायरिंग से लोगों को लगा कि फिर हिंसा फैल गई है। इस वजह से लोग कर्फ्यू में ढील मिलने के बावजूद दिनभर घर से बाहर नहीं निकले। मुठभेड़ के बाद पुलिस की गश्त काफी ज्यादा बढ़ गई। नूंह हिंसा के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने खुफिया एजेंसियों के अलावा गांव स्तर पर फैले अपने मुखबिरों के नेटवर्क को सक्रिय कर लिया है। मुठभेड़ के बाद जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनकी सूचना मुखबिर से मिली। जब आरोपी पहुंचे तो पुलिस ने पहले ही मोर्चा संभाल लिया था। जाल में फंसने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तरफ से फायरिंग शुरू होने के बाद पुलिस की तरफ से जवाबी फायरिंग शुरू गई। इसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी।

**पुलिस और अर्धसैनिक बलों की 31 कंपनियां जुटी :** 31 जुलाई को हुई हिंसा के बाद से जिले में तनाव का माहौल है। हालांकि, शांति-सौहार्द्र बनाने में पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की 31 कंपनी जुटी हुई है। लगातार गश्त कर लोगों से शांति की अपील की जा रही है।

## एक नजर

### राहुल गांधी 50 साल की बूढ़ी को क्या फ्लाइंग किस देंगे- कांग्रेस विधायक नीतू सिंह



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कथित फ्लाइंग किस पर लोकसभा में मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब बिहार की एक महिला कांग्रेस विधायक ने अजीबोगरीब बयान देकर इस विवाद को और हवा दे दी है। नवादा के हिसुआ से विधायक नीतू सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के पास लड़की की कमी नहीं है। 50 साल की बूढ़ी को क्या फ्लाइंग किस देंगे। बता दें कि दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी समेत अन्य महिला बीजेपी सासंदों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने लोकसभा में फ्लाइंग किस दी। राहुल के कथित फ्लाइंग किस पर बीते दो दिनों से जमकर सियासी हंगामा मचा हुआ है। अब कांग्रेस विधायक नीतू सिंह ने इसे और हवा दे दी है। एक चैनल से बातचीत में नीतू से इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया मांगी गई। इस पर उन्होंने कहा, 'हमारे राहुलजी जो हैं, उनको लड़की का कमी नहीं है, अगर फ्लाइंग किस देना होगा तो किसी लड़की को देंगे, ये 50 साल की बूढ़ी को क्या फ्लाइंग किस देंगे।

# अमित शाह ने किया 3 कानूनों को खत्म करने का ऐलान

## लोकसभा में पेश किया सीआरपीसी संसोधन बिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए भारतीय आपराधिक कानूनों में संपूर्ण बदलाव के लिए एक विधेयक पेश किया है। भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को भारतीय न्याय संहिता से बदल दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में आज भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए तीन विधेयक पेश किया। इसे पेश करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों कानून अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए थे। हम इसे बदल रहे हैं। इसे बदलते हुए नए कानून ला रहे हैं।

अमित शाह ने जिन तीन नए कानूनों की घोषणा की है उनमें भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 शामिल है। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, '1860 से 2023 तक देश की आपराधिक न्याय प्रणाली अंग्रेजों के बनाए कानूनों के मुताबिक चलती थी। तीन कानूनों को बदल दिया जाएगा और देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा।'



*भारतीय न्याय संहिता, 2023- अपराधों से संबंधित प्रावधानों को समेकित और संशोधित करने के लिए और उससे जुड़े या उसके आकस्मिक मामलों के लिए।*

*भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023- दंड प्रक्रिया से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने और उससे जुड़े या उसके प्रासंगिक मामलों के लिए।*

*भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023- निष्पक्ष सुनवाई के लिए साक्ष्य के सामान्य नियमों और सिद्धांतों को समेकित करने और प्रदान करने के लिए।*

### पुख्ता होगी जांच

*गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'किसी भी अपराध में जिसमें 7 साल से अधिक की सजा हो उसके लिए फोरेंसिक टीमें घटनास्थल पर होनी चाहिए, जिससे अपराध की जांच करने में सहूलियत हो। लेकिन विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि देश इसके लिए तैयार नहीं है, लेकिन हम 2027 तक देश की सभी अदालतों को कम्प्यूटरीकृत करना चाहते हैं। हमने जीरो-एफआईआर को एक विशेष स्थान दिया है और आजादी के 75 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है। दुष्कर्म के आरोप में वीडियो रिकार्डेड बयान अनिवार्य कर दिया गया है। पहली बार सामुदायिक सेवा शुरू की जा रही है, यह बहुत प्रासंगिक नहीं है लेकिन अब इसे अधिनियमित किया जाएगा।*

*नहीं होगी कार्रवाई में देरी : गृह मंत्री ने आगे कहा कि पुलिस अधिकारी भी अब जांच में देरी नहीं कर पाएंगे, उन्होंने आगे कहा, ﬁहमने सुनिश्चित किया है कि 90 दिनों में आरोप पत्र दायर किया जाएगा और केवल अदालत उन्हें 90 दिन और बढ़ा सकती है, लेकिन 180 दिनों के भीतर पुलिस ने इन नए कानूनों के तहत जांच करने के लिए बाध्य होंगे।*

# 'जम्मू-कश्मीर का भारत में बिना शर्त हुआ था विलय'

## 370 हटाने के पावर पर भी सुप्रीम कोर्ट ने कही बड़ी बात

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आर्टिकल 370 को लेकर गुरुवार को पांचवे दिन सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच जजों की पीठ ने कहा कि भारत में जम्मू कश्मीर का विलय परिपूर्ण था. भारत में कश्मीर का विलय बिना किसी शर्त के हुआ था.


सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह विलय परिपूर्ण था. लेकिन यह कहना मुश्किल है कि आर्टिकल 370 को कभी भी निरस्त नहीं किया जा सकता. इस दौरान जम्मू कश्मीर बार एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जफर अहमद शाह ने आर्टिकल 370 लागू होने से पहले हुई घटनाओं के बारे में बताया. कोर्ट ने कहा कि यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि आर्टिकल 370 के बाद भारत का संविधान जम्मू कश्मीर में संप्रभुता के कुछ तत्व बरकरार रखता है. जम्मू कश्मीर की संप्रभुता पूरी तरह से भारत को सौंप दी गई थी.

अनुच्छेद 370(1) (डी) सूची के तहत कानून बनाने की शक्ति के बारे में बात नहीं करता है. यह सहमति देने की राज्य की शक्ति के बारे में है. संवैधानिक रूप से कहें तो राज्य की सहमति के बिना राष्ट्रपति या संसद के पास कोई शक्ति नहीं है. इस पर जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि 370(3) एक ऐसे परिदृश्य की परिकल्पना करता है, जहां 370 को डी-ऑपरेशनलाइज किया जा सकता है. लेकिन यह कहना कि इसे कभी भी निरस्त नहीं किया जा सकता बेहद मुश्किल है. कठिन है. मान लीजिए कि राज्य कहता है कि हम चाहते हैं कि सभी प्रावधान लागू हों, तो हम कहां जाएं? तो ये सवाल वास्तव में वैध प्रक्रिया और प्रभाव के बारे में है.




# 'पाकिस्तान आकर कानून का सामना करेंगे नवाज शरीफ', भाई शहबाज ने बताया प्लान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की संसद भंग होने के ठीक एक दिन बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान-मुस्लिम लीग-नवाज सुप्रीमो नवाज शरीफ अगले महीने पाकिस्तान वापस आएंगे. इमरान खान की सरकार में भ्रष्टाचार के दोषी करार दिए गए नवाज शरीफ 2019 में लंदन भाग गए थे. अब शहबाज शरीफ का कहना है कि वो पाकिस्तान आकर कानून का सामना करेंगे. पाकिस्तान के न्यूज नेटवर्क जियो न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि कार्यवाहक सरकार के कार्यभार संभालते ही वो अपने भाई नवाज शरीफ से मिलने के लिए लंदन जाएंगे. उन्होंने कहा, नवाज शरीफ अगले महीने पाकिस्तान आएंगे और वो कानून का सामना करेंगे. वो हमारे चुनावी मुहिम का नेतृत्व भी करेंगे.



# अधीर रंजन के संसद से सस्पेंशन पर कांग्रेस में विचार-मंथन, अगुवाई करेंगी सोनिया गांधी

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपने विवादित बयानों की वजह से लोकसभा से सस्पेंड किए गए अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर कांग्रेस विचार मंथन करने जा रही हैं। कांग्रेस संसदीय की दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार सुबह पार्टी के लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाई है। एएनआई की रिपोर्ट की मानें तो यह बैठक शुक्रवार सुबह 10 ।30 बजे पार्टी के संसदीय कार्यालय में होने वाली हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के निलंबन पर चर्चा के लिए सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी की तरफ से आज सुबह 10 ।30



बजे कांग्रेस के लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाई गई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार शाम को लोकसभा में चौधरी के निलंबन के लिए एक प्रस्ताव पेश किया और कहा कि जब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्री बोलते हैं या बहस चल रही होती है तो वह सदन में बाधा डालते हैं। उस दौरान जोशी का प्रस्ताव सदन में ध्वनि मत से पारित हो गया। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री पर चौधरी की कुछ टिप्पणियों के बाद सत्ता पक्ष ने नाराजगी जताई थी जिसके बाद यह प्रस्ताव पेश किया गया था।

# वोटर सहभागिता बढ़ाने मतदान केंद्र वॉर ऑडिट कर बनाए कार्ययोजना- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक ली। उन्होंने बैठक में निर्वाचन की तैयारियों के साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए चल रहे स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्र वॉर ऑडिट करें तथा पिछले बार जिन मतदान केंद्रों में वोटिंग परसेंटेज औसत के कम रहा, वहां वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन में वोटर सहभागिता बढ़ाने के लिए हमें कार्य करना है। इसके लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बीते




02 अगस्त से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य भी जिले में चल रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोडने और हटाने की कार्यवाही आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जानी है। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर्स को इसकी लगातार समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर ऑफिसर्स और बीएलओ के काम-काज की भी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने संवेदनशील मतदान केंद्रों की मैपिंग कर उसके लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने मतदाता परिचय पत्र के प्रिंटिंग और वितरण का कार्य पूरी सावधानी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन भी व्यवस्थित तरीके से करने के निर्देश दिए। जिससे वोटर ईवीएम मशीन से वोट डालने की प्रक्रिया को जान सकें। उन्होंने जिले के दूर दराज के इलाकों में जागरूकता का यह कार्यक्रम विशेष रूप से करने के लिए कहा।



बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, ज्वाइंट कलेक्टर धनीराम रात्रे, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों में हो सभी बुनियादी सुविधाएं-कलेक्टर

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्रों में पीने का पानी, रैंप, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन की समीक्षा करने तथा जो आवश्यकताएं सामने आयी हैं उसे तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए।

## कम मतदान वाले केंद्रों के लिए बनाए स्वीप की विशेष कार्ययोजना

कलेक्टर सिन्हा ने पूरे जिले में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर सभी वर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में चलने वाले स्वीप कार्यक्रम के साथ ही ऐसे मतदान केंद्र जहां पिछली बार वोटिंग परसेंटेज कम रहा, उसके कारणों की समीक्षा कर वहां वोटिंग बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

## नए मतदान केन्द्रों के बारे में वोटर्स को दें जानकारी

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले में नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, कुछ मतदान केंद्रों के भवन एवं स्थल परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने इन मतदान केंद्रों के मतदाताओं को अनिवार्य रूप से उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दें। इन क्षेत्रों में विशेष रूप से स्वीप गतिविधियां चलाने के लिए उन्होंने कहा।

## एक नजर

### बीआरसी शोभाराम पटेल ने स्कूलों का किया निरीक्षण,बच्चो को दिए पढ़ने की टिप्स

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



शिक्षा के क्षेत्र को अच्छे गुणवत्ता के साथ पेरने की कला और जानकारी प्रस्तुत करते नजर आए बीआरसी पटेल इस तारतम्य में हाई स्कूल घौठला छोटे में बीआरसी शोभाराम पटेल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सारबिला के क्रियान्वयन के बारे में छात्रों एवं शिक्षकों से प्रगतिशील रिपोर्ट लिया गया व प्रेरणादायक उदबोधन से छात्रों के भविष्य निर्माण की अहम पड़ाव स्कूली जीवन है आदि विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। और बच्चो को पढ़ने के साथ-साथ जनरल नॉलेज की भी बारे में शिक्षा ग्रहण करने की बात कही गई।

### कबड्डी के तर्ज पर गाय बछड़ों को पकड़कर कर रहे टैगिंग

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



सड़क में बैठे पशुओं के दुर्घटनाओं से होने वाले हानि से बचने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पूरी टीम कबड्डी के तर्ज पर सड़क में बैठने वाले गाय बछड़ों को एक एक कर पकड़ रही है और पशुओं के कानों में टैग कर रहे हैं। साथ ही साथ गले में रेडियम पहनाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर पशुधन विकास विभाग, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों का संयुक्त अभियान प्रतिदिन की जा रही है। नगरपालिका सारंगढ़ सहित नगर पंचायत बिलाईगढ, भटगांव, सरिय, बरमकेला में ऐसे गाय, बछड़ों को पकड़कर कांजी हाउस और गोठान में रखा जा रहा है, जहां उनको चारा पानी दी जा रही है। पशुधन विकास विभाग की 20 टीम सरसीवां, दानसरा, सालर, कनकबीरा, रेड़ा, हरदी, गोडम, टिमरलगा आदि स्थानों में कर रही है। उल्लेखनीय है कि रेडियम पहने हुए मवेशियों के सड़क पर होने से अंधेरे में भी वाहन चालक के गाड़ी से इसकी जानकारी होगी, जिससे सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है।

### मिशन इन्द्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान हेतु दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा** । जिले में टीकाकरण सुदृढ़िकरण, मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की खुराक से छूटे हुए, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किए जाने हेतु मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने मिशन इंद्रधनुष 5.0 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त, द्वितीय चरण 20 से 26 सितंबर (रविवार को छोड़कर) तथा तृतीय चरण 25 से 31 अक्टूबर 2023 (रविवार को छोडकर) आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा।

कलेक्टर सौरभ कुमार एवं सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पात्र लाभार्थियों के पालकों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपील किया है। इस हेतु 0 से 5 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों सहित वैक्सीन से छूटे हुए बच्चों, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराएं।

## महापौर ने वार्ड क्र. 11 में लगे नेत्र शिविर का किया शुभारंभ

**कोरबा** । वार्ड क्र. 11 नई बस्ती में श्रीगणेश विनायक आई हास्पिटल कोरबा के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन में कराया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने नेत्र शिविर का शुभारंभ कराया, उनके साथ वार्ड क्र. 11 के पार्षद दिनेश सोनी उपस्थित थे। वार्डवासियों की नेत्र (दृष्टि) की समस्या को देखते हुए नेत्र चिकित्सकों के माध्यम से इस शिविर का आयोजन किया गया।

## समय से राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण, लोगों की सहूलियत का रखें ध्यान-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राजस्व विभाग के काम लोगों से सीधे जुड़े होते हैं। गुरुवार को प्रत्येक तहसील कार्यालय में पूरा राजस्व अमला उपस्थित रहता है। उसके अलावा भी दिन निर्धारित कर कार्यालय में उपस्थित रहें। जिससे लोग आप से मिलकर अपनी समस्याएं रख सकें। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि दूर दराज से आप तक समस्या लेकर आने वाले लोगों को उसका समाधान मिलना चाहिए,



उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को उनके अधीनस्थों के काम की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बीते दिनों में कई तहसील कार्यालयों का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों से जुड़े नशितयों का अवलोकन किया गया। इस दौरान यह बात सामने आई कि कई मामलों में पटवारियों का प्रतिवेदन समय पर नहीं मिल रहा है। ई-कोर्ट में भी मामले दर्ज करने में भी कई बार देरी होती है। उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी मामले ई-कोर्ट में अनिवार्य रूप से अपडेट किए



जाएं। जिससे उसकी मॉनिटरिंग की जा सके। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी राजस्व अधिकारियों को नियमित कोर्ट में बैठने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदेश पारित होने के पश्चात अभिलेख दुरूस्ती का कार्य भी प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए सेल्फ टारगेट प्रदान कर कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आ सके। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि तहसीलों में प्रकरण अनावश्यक लंबित न हो समय-सीमा के भीतर उसका निराकरण होना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने रायगढ़ रेंज के पुलिस अधिकारियों की मीटिंग लेकर विजिबल पुलिसिंग पर फोकस करने के दिए निर्देश

थाने आये फरियादियों से पुलिसकर्मी शालीनता पूर्वक व्यवहार करें

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शुक्रवार को रायगढ़ रेंज के डीआईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा जिला रायगढ़, जशपुर और सक्ती के पुलिस अधिकारियों की संयुक्त वर्चुअल बैठक लिया गया। बैठक में जिलों के पुलिस अधीक्षक समेत राजपत्रित अधिकारीगण और थाना, चौकी प्रभारी, आरआई उपस्थित थे। बैठक में डीआईजी रायगढ़ ने अधिकारियों को आगामी विधानसभा को लेकर जिलों में व्हीआईपी और व्हीव्हीआईपी के आगमन को लेकर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक ना हो, इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। साथ ही शांति पूर्वक चुनाव कराने हेतु मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था की प्लानिंग करने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समस्त आवश्यक कदम उठाने हेतु कहा। वर्चुअल बैठक में उनके द्वारा जिलों के भ्रमण दौरान पायी गई खामियों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किए और आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने थाना आये फरियादी या आगंतुकों से शालीनता पूर्वक उनकी बातें सुनने और उनके शिकायतध्रिपोर्ट पर उचित वैधानिक कार्यवाही करने को कहा गया। उन्होंने बताया



कि अक्सर चोरी, नकबजनी की वारदातों में एफआईआर लेने में ढिलाई बरती जाती है जो ठीक नहीं है, उन्होंने चोरी, नकबजनी की घटनाओं की तस्दीकी उपरांत तत्काल एफ आईआर दर्ज कर जांच में जुट जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पिछले 2 सालों में लगातार अपराधों में संलिप्त आरोपियों की लिस्टिंग कर अधिक से अधिक निगरानी, गुंडा बदमाश खोले जाने के निर्देश दिये। वहीं फरार वारंटियों की कैटेगरी वाइज डिवाइड कर उनकी धरपकड़ में तेजी लाने के निर्देश के साथ ही साइबर फ्रांड के मामलों में ज्यादातर मामले बैंकिंग फ्रांड की शिकायतों की होना बताकर और ऐसी शिकायतों को नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड करने के साथ पीड़ित के रुपए वापस दिलाए जाने की हर संभव प्रयास कर सभी प्रकिया का पालन करने कहा गया। उन्होंने तीनों जिलों में साइबर जागरूकता के लिए चलाए जा रहे साइबर प्रहरी की समीक्षा कर बीट आरक्षकों को बीट के अधिक से अधिक व्यक्तियों को उनकी सहमति से साइबर प्रहरी व्हाट्सएप ग्रुप में ऐड करने तथा साइबर फ्रॉड संबंधित वीडियो क्लिप इत्यादि के माध्यम से जागरूक करने कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षकों को जिलों में विजिबल पुलिसिंग के तहत भीड़.भाड़ वाले स्थान पर पुलिस की उपस्थित तथा रात्रि गस्त दौरान अधिक से अधिक स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी को हो ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा गया। उन्होंने थाना क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, नशे के प्रकरणों या किसी अन्य अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी रविशंकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार, एमआर आहिरे, पुलिस अधीक्षक सक्ती तथा जिलों के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी सम्मिलित हुये।

## अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन के साथ एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू मुख्यमंत्री के नाम पर प्रशासन को दिया ज्ञापन

अधिवक्तागण व्यवसायिक मतभेदों को भुलाकर संगठित आवाज को बुलंद करें- चितरंजय पटेल, अधिवक्ता उच्च न्यायालय

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

जिला अधिवक्ता संघ सक्ती के द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाने, मृत्यु मुआवजा राशि दस लाख किए जाने, अधिवक्ता समूह बीमा लागू करने की बहु प्रतीक्षित मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का अयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ सक्ती के अध्यक्ष दिगंबर चौबे ने अधिवक्ताओं को एकजुट होकर अपनी मांग शासन के समक्ष रखना होगा तभी हमारी सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी तो वहीं राज्य अधिवक्ता परिषद के पूर्व सदस्य लीलाधर चंद्रा ने अधिवक्ता संघ के मांग को जायज बताते हुए शासन से शीघ्र पूरा करने की बात कही। इन पलों में उपस्थित उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समय की मांग है। हम सभी अधिवक्ता व्यवसायिक मतभेदों को भुलाकर संगठित हो समवेत




स्वर अपने आवाज को बुलंद करें तभी शासन हमारी मांग पूरी करेगी और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो सकेगा। आज धरना प्रदर्शन में संतोष जायसवाल, शकील मोहम्मद, संदीप बनाफर, अन्नपूर्णा राठौर, अलका जायसवाल,रऊफ खान, मनोज जायसवाल, राकेश राठौर, परमेश्वर जायसवाल, हेमलता आदि अधिवक्ताओं ने संबोधित किया तो वहीं संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव उदय वर्मा ने किया तथा ऋषिकेश चौबे ने अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने अपने राज्यों अधिवक्ताओं के सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर अधिवक्ताओ से विवाद करने पर अजमानती अपराध के प्रावधान के साथ सात साल तक की सजा की व्यवस्था की गई है लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आश्वासन के बाद भी अभी तक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं करने से अधिवक्ता समुदाय नाराज होकर आंदोलन की राह पकड़ लिया है तथा आज प्रथम चरण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के साथ अधिवक्ता संघ सक्ती के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर प्रशासन को ज्ञापन दिया गया।

# स्वीप कार्यक्रम नव वधुओं के रचाई मेंहदी में दिखी मतदाता जागरूकता की अपील

शहर के तीन स्थानों में आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम, नव वधुओं का किया गया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत नव वधुओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जहां नव वधुओं ने अपने हथेली में रचाई मेहंदी के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज रायगढ़ शहर के आंगनबाड़ी केंद्र पंजरी प्लांट, जगतपुर सामुदायिक भवन एवं विजयपुर बालवाड़ी में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में नव वधुओं ने हिस्सा लिया। जहां नव वधुओं ने लोगों को मतदान हेतु




जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण होता है, इसलिए सभी को मतदान करना चाहिए। इस दौरान नव वधुओं सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिन्हा के निर्देशन में आगामी विधान सभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाताओं

- नव वधुओं ने ली मतदान के लिए शपथ
- कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में जिले में चल रहे मतदाता जागरुकता के विविध कार्यक्रम




को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने प्रत्येक वर्ग को फोकस कर कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। ताकि कोई भी वर्ग का मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें। जिला परियोजना अधिकारी टी.के.जाटवर ने कहा कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। ताकि नव वधुओं सहित पूरे परिवार मतदान हेतु जागरूक किया जा सकें। उन्होंने मतदाता जागरूकता हेतु नव वधुओं की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान नव वधुओं को विभाग की ओर से उपहार भी भेंट किया गया। इस अवसर पर डी.डबल्यूसीडीओ अतुल दांडेकर, विभागीय परिवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपास्थित रही।

## रामदास द्रौपदी फउंडेशन द्वारा पुसौर के छिछोर उमरिया में किया गया वृहद पौधारोपण

# सकारात्मक सोच ही समाज को सकारात्मक नेतृत्व दे सकता है - आचार्य राकेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




जिले के विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत ग्राम छिछोर उमरिया में निर्माणाधीन आलेख महिमा के ध्वनि मंदिर परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से लगभग एक हजार गणमान्य जन व मातृशक्ति ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम के आरम्भ में उपस्थित गणमान्य लोगों ने अतिथि सुनील रामदास व संत प्रमुख भगवान दास एवं आचार्य राकेश का फूल माला से स्वागत किया। उसके पश्चात् उपस्थित सभा को सुनील रामदास व आचार्य राकेश ने संबोधित किया। सभा में संबोधन के दौरान सुनील रामदास कहा कि आने वाले भविष्य में पानी की कमी होना तय है और पौधारोपण एक ऐसा माध्यम है, जिससे जीव जगत के ओर आने वाले संकट को टाला जा सकता है। क्योंकि वनों के पास वर्षा अधिक होती है और हमारा जीवन भी इन पेड़-पौधों से ही जुड़ा हुआ है। इस तथ्य को इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि प्रकृति और जीवन को पेड़-पौधे आपस में जोड़कर रखने का कार्य करते हैं। इसलिए समाज में मैं अपनी क्षमता के अनुरूप जागरण का कार्य कर रहा हूं। जिससे कि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दिया जा सके। वहीं आचार्य राकेश ने अपने संबोधन में कहा कि सुनील जी को समाज सेवा और नेतृत्व क्षमता पैतृक रूप से मिली है। इसलिए वे समाज के लिए सकारात्मक विचार रखते हैं और समाज को ऐसा नेतृत्व ही सकारात्मक दिशा दे सकता है। उसके पश्चात् उपस्थित जन व मातृशक्ति के सहयोग से आलेख महिमा के ध्वनि मंदिर परिसर में वृहद पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से छिछोर उमरिया आलेख महिमा आश्रम के संत प्रमुख भगवान दास, तुरंगा गुरुकुल के आचार्य राकेश, कार्यक्रम संयोजक व भाजपा युवा मोर्चा मंडल पुसौर के उपाध्यक्ष दु:खनाशन गुप्ता, पूर्व भाजपा मंडल पुसौर के अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, पुसौर भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री अविनाश गुप्ता, नकुल गुप्ता, लोमस पटेल, देवार चंद गुप्ता, केतन गुप्ता, एकादशिया खम्हारी, तुलेश्वर गुप्ता, भोजराज गुप्ता, मोनू राम गुप्ता, वरूण गुप्ता, अशोक भोय, जदुमणि भोय, भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, शक्ति केन्द्र संयोजक सुभाष गुप्ता, चैतन्य गुप्ता, विराट भोय, बल्लब गुप्ता, जगदीश गुप्ता, सक्राजीत भोय, शंभू गुप्ता, नरसिंह गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिदार, स्वयंवर भोय, कोतमा सरपंच आशीष गुप्ता, बी.डी.सी. पुनीराम सिदार, ग्राम बारातोली के सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य गोपिका गुप्ता, प्रतिनिधि प्रमोद गुप्ता, श्रवण प्रधान, श्रवण निषाद, रोहित गुप्ता, रजनी श्रीवास सहित सैकड़ों गणमान्य जन व मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।




### नगर में चल रहे ध्ओम नम: शिवायध् अनुष्ठान स्थल पर किया गया पौध वितरण

नगर में राजा महल के पास चल रहे ओम नम: शिवाय जाप स्थल पर श्रद्धालु गण के बीच रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पौध वितरण किया गया। ज्ञात हो कि यह अनुष्ठान गत 14 जूलाई से आरम्भ हुआ है और आगामी 21 अगस्त तक चलेगा। जिसके समापन के पश्चात् मंत्र से सिद्ध रूद्राक्ष जन समान्य के बीच वितरित किया जाएगा। वहीं 11 जुलाई को लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टि से आमए आंवलाए नीम आदि के पौधे जन सामान्य में वितरित किए गए। इस अवसर पर सामाजिक विषय के चिंतक डॉण् राजकुमार भारद्वाज व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास के हाथों जन सामान्य में पौधे वितरित किए गए। इस विषय में सुनील रामदास ने कहा कि पूजा परमात्मा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम है और उससे मनुष्य में आत्म चैतन्यता भी जागृत होती है। ऐसे अनुष्ठानों में सेवा देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है।

### गोपालपुर में भी किया गया पौधरोपण

*जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गोपालपुर के फुटहा तलाब के चारों ओर मेड़ पर गत 9 जुलाई को पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य जन सर्वश्री भोग सिंह सिदारए कन्हाई लाल सिदारए सुकालूराम उरांवए लखन लाल यादवए डमरूधर सिदारए शखिराम मैत्रीए ननकी चौहानए मदन महंतए समाजसेवी विजय देशमुखए दीपकए लोचन आदि की उपस्थिति रही। इन्होंने रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के पर्यावरण संरक्षण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी को यदि सुरक्षित भविष्य देना हैए तो स्वस्थ पर्यावरण बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करना होगा। इस अभियान के संचालन में सहयोग देने वाले राम नंदन यादव के कार्यों की भी उपरोक्त जन ने प्रशंसा की।*

## एक नजर

### गढ़गांव संकुल केंद्र बिरेनडबरी शाला भवन मरम्मत नहीं तो तालाबंदी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।




शासकीय उच्च प्राथमिक शाला गढ़गांव संकुल केंद्र बिरेनडबरी विकासखंड बसना जिला महासमुन्द छ.ग. की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व समस्त पालकों का दिनांक 10 अगस्त 2023 को आवश्यक बैठक रखा गया। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में एंट्री होने के बावजूद राशि स्वीकृत नहीं हुआ है जबकि शाला भवन की छत से पानी रिसाव हो रहा है बच्चों को कक्षाओं में बैठना मुश्किल हो रहा है। संबंधित अधिकारियों को भी बार-बार अवगत कराया गया है फिर भी राशि स्वीकृत नहीं होना सोच से परे है। अत: शाला समिति व पालकों द्वारा निर्णय लिया की दिनांक 20 अगस्त 2023 तक राशि स्वीकृत नहीं होती है तो दिनांक 21 अगस्त 2023 से शाला में तालाबंदी की जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उक्त जानकारी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजाधर यादव द्वारा दी गई।

### इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में 13 अगस्त को होगा जुम्बा डांस

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत युवा सहित सभी वोटरों में मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जुम्बा डांस का आयोजन किया गया है। सारंगढ़ के जनपद पंचायत कार्यालय और ब्लॉक कॉलोनी के पीछे स्थित इंडोर स्टेडियम में जुम्बा डांस 13 अगस्त 2023 को सुबह 7.30 बजे से किया जाएगा। सभी आयु के इच्छुक प्रतिभागी बच्चें, किशोर, युवा, बुजुर्ग इसमें नि:शुल्क शामिल हो सकते हैं।

### नई बहुओं के साथ महिलाओं ने भी हाथों में लगाई स्वीप मेहंदी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत जिले के बरमकेला ब्लॉक के कई गांवों में नई बहुओं के साथ महिलाओं ने हाथों में सामूहिक रूप से मेहंदी लगाई। मेहंदी में महिलाओं ने मतदान के कई नारा, चिन्ह को बनवाया। इस मेहंदी के माध्यम से अपने परिवार और दैनिक दिनचर्या से जुड़े सभी लोगों को जानकारी देकर जन जन तक मतदान के लिए जागरूकता का प्रसार किया जाएगा।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।




तहसील अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने आज स्थानीय व्यवहार न्यायालय से रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजपुर राजीव जेम्स कुजुर को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू की जाएगी। अपनी मांगों को दोहराते हुए छत्तीसगढ़ राज्य उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के आह्वान पर स्थानीय अधिवक्ता संघ अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, मृत्यु दावा राशि 10 लाख रुपए करने एवं सामूहिक जीवन बीमा लागू करने जैसी मांगों को लेकर अपना ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ता संघ ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए नि:संदेह छत्तीसगढ़ राज्य में बेहतर कार्य मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है और उम्मीद है कि अधिवक्ताओं के मांगों पर विचार करते हुए अतिशीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट व अन्य मांगों को भी पूरा किया जावेगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल, सचिव सुनील सिंह, एच.सी. अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, शिवानंद दुबे, वीरेंद्र सिंह, टी.आर. पैंकरा, संजय पांडेय राम नारायण जायसवाल, शंकर अग्रवाल, अशोक बेक, सुनील चौबे, वीरेंद्र जायसवाल, अजीत तिग्गा, विकास तिवारी एवं अन्य अधिवक्ता गण मौजूद थे।

## ग्राम छिन्द के रीपा गौठान में बेकरी यूनिट के कार्यों से समूह की महिलाओं के लिए खुल रहे आर्थिक समृद्धि के द्वार

* मील का पत्थर साबित हो रहा ग्रामीण औद्योगिक पार्क

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क सारंगढ़ के रीपा छिन्द की महिला समूहों के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।




ग्राम पंचायत छिंद के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित समूह दिशा आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा बिहान के प्रयासों से रीपा अंतर्गत बेकरी यूनिट सारबिला-द विलेज बेकरी का कार्य प्रारंभ कर अपने पैरों पर खड़ा होकर पुरुषों की बराबरी करने हेतु पूरी तरह से तैयार हुई और छिंद ग्राम व सारंगढ़ शहर साथ ही साथ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को भी एक बेहतर और उन्नत बेकरी यूनिट दिया है।




उक्त बेकरी यूनिट में नए-नए प्रकार के एवं स्वाद व अच्छी गुणवत्ता के कई बेकरी आइटम जैसे केक, ब्रेड, टोस्ट, पाव ब्रेड, पिज़्ज़ा, कप केक, क्रीम रोल, सैंडविच ब्रेड व अलग-अलग प्रकार के कुकीज बिस्किट और मिलेट्स के बेकरी आइटम का रोज व निरंतर उत्पादन कर दुकानों होटलों एवं सी-मार्ट में सप्लाई किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन बिहान के प्रयासों से बेकरी यूनिट का प्रारंभ होने से यह इन महिलाओं के लिए आय का बड़ा जरिया बन गया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रीपा ग्रामीण अंचल में उद्यमिता के अवसर दे रही है, साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बेहतर और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## शिक्षकों का राजधानी कूच वेतन विसंगति को लेकर 13 अगस्त को शिक्षक निकालेंगे आक्रोश रैली

फिर राजधानी से ही चलेगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




वेतन विसंगति को लेकर शिक्षकों का आंदोलन शुरू हो गया है। सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले शुरु हुआ अनिश्चतकालीन हड़ताल अब राजधानी शिफ्ट होगा। 13 अगस्त को विकासखंड के लगभग 400, शिक्षक आक्रोश रैली में भाग लेने के लिए रायपुर प्रस्थान करेंगे और फिर मांगें पूरी होने तक राजधानी में ही डटे रहेंगे। इससे पहले 10 अगस्त से समस्त के शिक्षक ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन कर रहे थे। ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन के बाद 13 अगस्त को शिक्षक राजधानी जायेंगे और तूता धरनास्थल पर धरने पर बैठेंगे। सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि 13 अगस्त को प्रदेश भर से 1 लाख शिक्षक राजधानी कूच करेंगे और अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे। यशवंत यादव ने कहा कि साढ़े चार साल में वेतन विसंगति की मांग को लेकर अलग-अलग स्तर पर ज्ञापन और चर्चाओं का सिलसिला चलता रहा, लेकिन नतीजा नहीं निकलता देख, मजबूरी में शिक्षकों को आंदोलन पर विवश होना पड़ा है।

## वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने फसल बीमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

फसल बीमा कराने कि अंतिम तिथि 16 अगस्त


जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जागरूकता रथ को कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा 07 अगस्त को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा चुका है और इसी कड़ी में ब्लाक स्तर में भी प्रचार गाड़ी के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सक्ती द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया साथ ही अहम बैठक रखा गया। यह रथ सक्ती विकासखंड में गांव-गांव जाकर किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध करायेगा। जिले में इस वर्ष बजाज,लायंस कम्पनी को अधिकृत किया गया है। पहली बार जिले में धान सिंचित असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को भी अधिसूचित किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक है। नियमित तिथि तक कृषक अपने फसल का बीमा करा सकता है। सभी ऋणी अऋणी कृषक अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सेवा सहकारी समिति, कम्पनी के प्रतिनिधि या पटवारी से सम्पर्क कर खरीफ फसल का बीमा करा सकते हैं। किसी भी प्राकृतिक आपदा से फसल को क्षति होता है तो फसल कटाई एवं थ्रेस होल्ड उपज के आधार पर बीमा कम्पनी द्वारा नुकसान का भरपाई किया जावेगा। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सक्ती ने बताया कि प्राकृतिक आपदा जैसे अतिवृष्टि, अवृष्टि, बादल फटना, ओला, पाला या प्रकृति जनित फसल नुकसान होने पर बीमा कम्पनी द्वारा भरपाई किया जायेगा। जागरूकता रथ में बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, कृषक आवश्यक दस्तावेज के साथ मौके पर ही फसल बीमा करा सकते हैं।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा अधिक से अधिक कृषकों को बीमा का लाभ लेने के लिए अपील किया गया है। किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो कृषि विभाग के मैदानी अमले अथवा सेवा सहकारी समिति से सम्पर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जितेन्द्र साहू, सौरभ उपाध्याय सहायक तकनीकी अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी में रवि चंद्रा, अमित लहरे, एम आर पैंकरा, ब्लाक बीमा प्रतिनिधि एवं समस्त किसान उपस्थित रहे।

## फिल्म डॉन 3 से आउट हुआ रणवीर सिंह का लुक, फरहान अख्तर ने साझा किया वीडियो




फरहान अख्तर की आगामी फिल्म डॉन 3 पिछले काफी समय से चर्चा में है।डॉन फ्रेंचाइजी की पिछली दोनों फिल्मों के हिट होने के बाद इसका तीसरा भाग आने वाला है। बीते दिन निर्माता फरहान ने डॉन 3 की आधिकारिक घोषणा की थी, अब निर्माताओं ने ऐलान किया कि अभिनेता रणवीर सिंह नई पीढ़ी के डॉन बनने के लिए तैयार हैं।बता दें, शाहरुख खान की डॉन 2006 में आई थी, वहीं डॉन 2 2011 में रिलीज हुई थी। फरहान ने ट्विटर पर डॉन 3 से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक नए युग की शुरुआत।वीडियो में रणवीर की झलक देखने को मिल रही है। डॉन 3 साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## जिम में वर्कआउट करती दिखीं नेहा मलिक

### भोजपुरी क्वीन की फिटनेस देख फैंस का धड़का दिल

**भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हर एक झलक पाने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी फिटनेस देखकर फैंस का मन डोल गया है। हालांकि उनके इस लुक पर फैंस अपनी नजरें टिकाए बैठे हैं।**

भोजपुरी सिंगर खेसारी लाल की हीरोइन नेहा मलिक आए दिन अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तेजी से सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी जिम वेयर में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी फिगर और फिटनेस देखकर फैंस आहें भरने से बिल्कुल भी नहीं कतरा रहे हैं। नेहा मलिक ने इस दौरान टाइट फिटेड पेंट और साथ ही स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। अपने बालों की हाई पोनी बांध कर साथ ही सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को बखूबी से निखारा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी और फिटनेस फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर ये साबित होता है कि नेहा मलिक खुद को मेंटेन रखने के लिए काफी हेवी वर्कआउट करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

## खतरों के खिलाड़ी 13 के बाद बिग बॉस सीजन 17 में नजर आ सकती है ऐश्वर्या शर्मा

**टेलीविज़न के चर्चित सीरियल गुम है किसी के प्यार में की पाखी यानि अभिनेत्री ऐश्वर्या शर्मा रियलिटी टेलीविज़न शो बिग बॉस सीजन 17 में दिखाई दे सकती हैं। स्वयं बिग बॉस ने ऐश्वर्या को शो का हिस्सा बनने का ऑफर दिया है। बता दें कि ऐश्वर्या शर्मा ने गुम है किसी के प्यार में सीरियल छोड़ा था क्योंकि वह कुछ नया और चैलेंजिंग आजमाना चाहती थीं। शो छोड़ने के बाद अभी ऐश्वर्या रियलिटी स्टंट शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं।**

शो के एक ताजा प्रोमो में टेलीविज़न सीरियल खतरों के खिलाड़ी के प्रतियोगियों को बिग बॉस के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना बिग बॉस से पूछती हैं कि क्या आपने मुझे मिस किया? जवाब में बिग बॉस बोलते हैं- शट अप अर्चना। बिग बॉस ऐश्वर्या से अर्चना की मिमिक्री करने को बोलते हैं और वह बड़ी शानदार एक्टिंग करती हैं।

ऐश्वर्या का अभिनत देखने के बाद बिग बॉस ने उनसे कहा, यह टैलेंट तो सौ सवा सौ कैमरों के सामने दिखना चाहिए। हमारे दरवाजे आपके लिए जरूर खुले हुए हैं। बिग बॉस का यह ऑफर सुनकर ऐश्वर्या का रिएक्शन देखने लायक था। हालांकि उन्होंने बिग बॉस को कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं दी। अब यदि ऐश्वर्या यह ऑफर स्वीकार करती हैं, तो जाहिर तौर पर दर्शक उन्हें सीजन 17 में देख पाएंगे। बता दें कि रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 ऐश्वर्या की परफॉर्मेंस बहुत बेहतरीन रही है तथा वह लगभग हर स्टंट का सामना पूरी हिम्मत और सब्र के साथ कर रही हैं। कई बार शो के होस्ट रोहित शेट्टी स्वयं ऐश्वर्या की प्रशंसा कर चुके हैं।



## अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 का नया प्रोमो वीडियो आया सामने

इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।ओह माय गॉड 2 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड का सीक्वल है। अब इस बीच अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म का नया प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, उचित और अनुचित का फर्क, जानिए 11 अगस्त को। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय कर रहे हैं, जबकि अश्विन वर्दे इसके निर्माता हैं। इसमें अक्षय के अलावा पंकज त्रिपाठी, अरुण गोविल और




यामी गौतम जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी और टिकट खिड़की पर ओह माय गॉड 2 का सामना सनी देओल की फिल्म गदर 2 से होगा। खबर है कि ओह माय गॉड 2 सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। ओएमजी 2 की एडवांस बुकिंग की बात करें तो ये गदर 2 से बहुत पीछे है.

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म के सोमवार रात तक 26,075 टिकट बेचे जा चुके हैं. जिससे अबतक 80.96 लाख तक की कमाई हुई है. हालांकि इसके पीछे का कारण अक्षय कुमार की फिल्म को सेंसर बोर्ड से देरी से सर्टिफिकेट मिलना भी है. हालांकि ऑन स्पॉट बुकिंग से भी उम्मीदें लगाई जा रही हैं.

## फिल्म गुंटूर कारम से सामने आया महेश बाबू का लुक, शर्ट-लुंगी पहने दिखे एक्टर

साउथ के जाने-माने एक्टर महेश बाबू अपने 54वां जन्मदिन के मौके पर महेश बाबू के फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए दिखाई दिए। साथ ही साथ एक्टर से जुड़ी यादों को शेयर करते हुए नजर आए। लेकिन इन सब के बीच महेश बाबू के जन्मदिन पर उनकी अपकमिंग फिल्म गुंटूर कारम से उनका लुक सामने आ गया है। फिल्म गुंटूर कारम का ने नया पोस्टर आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। महेश बाबू के फैंस इस पोस्टर को खूब शेयर करते दिखाई दिए। तो चलिए देखते है फिल्म गुंटूर कारम के नए पोस्टर में क्या खास है।



महेश बाबू 54 साल के हो गए हैं। महेश बाबू अलग-अलग वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में बने रहते हैं। लेकिन दिनों महेश बाबू फिल्म गुंटूर कारम को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म गुंटूर कारम से महेश बाबू का लुक सामने आ गया है। महेश बाबू के जन्मदिन पर गुंटूर कारम फिल्म का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। फिल्म के इस पोस्टर में महेश बाबू शर्ट और लुंगी पहने बैठे दिखाई दिए।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी का नया पोस्टर जारी, जी5 पर होगी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें वह एक किन्नर के किरदार में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म हड्डी का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें उन्हें पहचान पाना काफी मुश्किल हो रहा है। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।इस फिल्म का निर्देशन अक्षत अजय शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

जी5 ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म हड्डी का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ड्रमरोल। 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए तैयार हो जाइए। हड्डी जल्द ही जी5 पर आ रही है। जी




स्टूडियोज के साथ मिलकर आनंदिता स्टूडियोज ने हड्डी का निर्माण किया है।हड्डी एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नवाज ने एक नहीं बल्कि कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं, लेकिन हड्डी उनका एक अनोखा और खास किरदार होगा।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर की सूची में शामिल है। जब से उनकी फिल्म 'हड्डी' का अनाउंसमेंट हुआ था, तभी से फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक बड़ा खुलासा किया गया है। इस फिल्म का एक पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने कहा है कि यह फिल्म बड़े पर्दे पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज की जाएगी।

# खेल

### अश्विन ने 18 महीने से वनडे नहीं खेला




भारतीय क्रिकेट टीम के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे पता है दुनियाभर में क्रिकेट फॉलो करने वाले एक्सपर्ट्स हमेशा ही भारत को फेवरेट बताते हैं। सभी एक्सपर्ट्स और बाकी देशों के क्रिकेटर इस स्ट्रैटजी को ICC टूर्नामेंट से पहले यूज करते हैं। वो इस स्ट्रैटजी से अपने देश की टीम से प्रेशर हटा कर हम पर डालते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने 8 अगस्त को अपने यूट्यूब चैनल पर वर्ल्ड कप को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया। इसी वीडियो में उन्होंने भारत के वर्ल्ड कप प्लान पर बात की।

भारत को फेवरेट बताना बड़ी टीमों की स्ट्रैटजी- अश्विन

## ऑफ-स्पिनर बोले- ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप जीत सकता है, अपनी टीम को भी बैक करूंगा

### ऑस्ट्रेलिया और भारत को फेवरेट बताया

36 साल के अश्विन वर्ल्ड कप पर बोले, ऑस्ट्रेलिया पावरहाउस है, वो कप उठा सकते हैं। टीम इंडिया को वेस्टइंडीज में एक वनडे मुकाबला गंवाना पड़ा, लेकिन हमें टीम इंडिया को बैक करना चाहिए, उन्हें बगैर प्रेशर के वर्ल्ड कप खेलने भेजना चाहिए।

अश्विन ने वैसे तो वर्ल्ड कप जीतने के लिए टीम इंडिया का सपोर्ट किया है, लेकिन उन्होंने अपने चैनल पर ये भी कह दिया कि अगर टीम इंडिया कप नहीं जीत पाई, तो फैंस को इसके लिए भी तैयार रहना चाहिए।




### फैंस पूरे मैच को बदल सकते हैं

अश्विन ने फैंस पर कहा, अगर टीम अच्छा नहीं भी कर पाई, तो हम पूरा ब्लेम फैंस पर भी नहीं डाल सकते, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि किसी भी टीम के लिए उसके फैंस बहुत ज्यादा इम्पॉर्टेंट होते हैं। वो किसी भी मैच की वाइब को अपनी एनर्जी से बदलने की ताकत रखते हैं। जब घरेलू टीम के पास फैंस का सपोर्ट होता है तो बाकी टीमों का कॉन्फिडेंस डाउन ही रहता है। मैं इसी बात को हमेशा कहता रहूंगा।

देखिए जब बाकी टीमें एयरपोर्ट या होटल तक पहुंचती हैं, तो हम उनका वेलकम करते हैं, लेकिन इस बार हमें अपनी आवाज को थोड़ा तेज और क्लियर रखना होगा।

### अश्विन ने 18 महीने पहले आखिरी वनडे खेला था

*रविचंद्रन अश्विन ICC टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर हैं। उन्होंने भारत के लिए तीनों ही फॉर्मेट के वर्ल्ड कप खेले हैं, वह पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन वह वनडे वर्ल्ड कप में 2 ही बार 2011 और 2015 में भारत से खेल सके। उन्होंने भारत के लिए आखिरी वनडे मैच भी 21 जनवरी 2022 को साउथ अफ्रीका में उसके खिलाफ खेला था। तब से उन्हें टीम इंडिया की वनडे टीम में प्राथमिकता नहीं दी गई।*

## रोहित बोले- नंबर-4 पोजिशन बड़ी समस्या

### युवी के बाद कोई टिका ही नहीं; श्रेयस फिट नहीं हुए तो वर्ल्ड कप में दिक्क तें आएंगी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, एशिया कप और वर्ल्ड कप से पहले नंबर-4 की पोजिशन हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या है। युवराज (सिंह) के रिटायरमेंट के बाद से इस पोजिशन पर कोई खिलाड़ी अपनी जगह पक्की नहीं कर सका। अगर श्रेयस अय्यर समय पर फिट नहीं हुए तो हमें एशिया कप और वर्ल्ड कप में बहुत दिक्कतें आएंगी।




36 साल के रोहित ने मुंबई में स्पेशल इवेंट में रिपोर्टर्स के सवालों के जवाब दिए। रोहित फुटबॉल लीग ला लीगा के नए ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए हैं। स्पेनिश लीग 11 अगस्त से स्पेन में शुरू हो रही है। नंबर-4 पोजिशन लम्बे समय से हमारे लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। युवी (युवराज सिंह) के रिटायरमेंट के बाद से इस पोजिशन पर कोई भी टिक नहीं सका। श्रेयस (अय्यर) ने पिछले कुछ समय में इस पोजिशन पर अच्छा परफॉर्म किया है।

उनके स्कोर भी अच्छे हैं, लेकिन इंजरी के कारण बहुत परेशानी हुई। इंजरी के चलते उन्होंने कई मैच मिस किए। सच कहूं तो इंजरी ने पिछले 4-5 साल में टीम को बहुत परेशान किया। इंजरी की वजह से जब प्लेयर्स अवेलेबल नहीं रह पाते तो नए खिलाड़ियों को मौका मिलता है। लेकिन इंजरी या फॉर्म के कारण नंबर-4 की पोजिशन पर कोई खिलाड़ी टिक ही नहीं पाया।

### श्रेयस और राहुल की इंजरी बड़ी, उनका फॉर्म बहुत जरूरी

श्रेयस (अय्यर) और केएल (राहुल) इंजरी और सर्जरी के कारण 4 महीने से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। दोनों की सर्जरी हुई। मेरी भी सर्जरी हुई थी, मुझे पता है इसके बाद कैसा महसूस होता है।

कोहली इंस्टाग्राम से सबसे ज्यादा कमाई करने वाले भारतीय

## एक पोस्ट के 14 करोड़ रुपए मिलते हैं खिलाड़ियों में रोनाल्डो, मेसी के बाद नंबर




टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट से सबसे ज्यादा कमाने वाले भारतीय ही नहीं बल्कि एशियाई हैं। उन्हें एक पोस्ट से 11.40 करोड़ रुपए की कमाई होती है। उधर, खिलाड़ियों में उनका नंबर तीसरा है। पहले पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और दूसरे पर लियोनस मेसी हैं। हूपर HQ ने 2023 की इंस्टाग्राम रिच लिस्ट जारी की है। इसके मुताबिक, विराट एक इंस्टाग्राम पोस्ट से 1,384,000 डॉलर (करीब 11.45 करोड़ रुपए) कमाई करते हैं। कोहली के इंस्टाग्राम पर 25.6 करोड़ (256 मिलियन) से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

### ओवरऑल लिस्ट में कोहली का 14वां नंबर

ओवरऑल लिस्ट देखी जाए, विराट कोहली का नंबर 14वां है। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो टॉप पर काबिज हैं। वह एक पोस्ट से 3,234,000 डॉलर (करीब 26.75 करोड़) कमाई करते हैं। दूसरे नंबर पर अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी हैं। मेसी की कमाई एक पोस्ट से 2,597,000 डॉलर (21.49 करोड़) है। तीसरे नंबर पर अमेरिकी सेलेब्रिटी सेलेना गोमेज हैं, जो एक पोस्ट से 2,558,000 डॉलर कमाती हैं।

दुनियाभर की सेलेब्रिटी की लिस्ट में विराट का नंबर 14वां है। इस लिस्ट में कोहली के बाद दूसरी भारतीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा हैं। प्रियंका की कमाई एक पोस्ट से 532,000 डॉलर है। कोहली के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 25.6 करोड़ (256 मिलियन फॉलोअर्स) हैं। वे इंस्टाग्राम अकाउंट पर इतने ज्यादा फॉलोअर्स वाले पहले एशियाई हैं।

### एक नजर

## पूर्व भारतीय कप्तान सरदार और रानी सब-जूनियर टीमों के कोच

### हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने फैसला लिया

हॉकी टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सरदार सिंह और रानी रामपाल को भारतीय सब जूनियर टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। गुरुवार को हॉकी इंडिया की 100वीं एग्जक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने इन दोनों दिग्गजों को सब जूनियर टीम का कोच नियुक्त करने की घोषणा की। सरदार सिंह अंडर-17 बॉयज और रानी रामपाल अंडर-17 गर्ल्स टीम की हेड कोच होंगी।



सरदार सिंह 2008 से 2016 तक हॉकी टीम के कप्तान रहे। इन्हें सरदारा सिंह के नाम से भी जाना जाता है। सरदार मिडफील्डर थे। भारत सरकार ने साल 2012 में सरदार को अर्जुन पुरस्कार से और 2015 में पद्म श्री से भी सम्मानित किया था। हॉकी टीम को एक लंबा वक्त देने के बाद सिंह ने साल 2018 में संन्यास लिया था।

रानी रामपाल की कप्तानी में विमेंस टीम टोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। रानी रामपाल साल 2010 वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली भारतीय हॉकी टीम की सबसे कम्र उम की खिलाड़ी थीं। 15 साल की उम्र में उन्होंने वर्ल्ड कप खेला। रानी ने 14 साल की उम्र में अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेला। साल 2009 में रानी ने भारत को एशिया कप के दौरान सिल्वर मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स और 2010 के एशियन गेम्स खेलने वाली टीम की हिस्सा रही थीं।

## स्पेन पहली बार महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में

**वेलिंगटन ।** स्पेन ने अतिरिक्त समय में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत नीदरलैंड पर 2-1 की ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



हालांकि पहला हाफ गोलरहित रहा, लेकिन स्पेन ने दबदबा बनाए रखा। उन्होंने अपनी जटिल पासिंग और अनुकरणीय गेंद नियंत्रण के साथ लगातार दबाव बनाया, 49 फीसदी गेंद पर कब्ज़ा जमाया और गोल पर ग्यारह शॉट लगाए। हालांकि, नीदरलैंड्स का हाफ शांत रहा और वह एक भी शॉट रिकॉर्ड करने में नाकाम रही और केवल 34 फीसदी कब्ज़ा ही हासिल कर पाई। 17वें मिनट में तनाव का क्षण पैदा हो गया जब नीदरलैंड्स को दो बार पोस्ट ने बचाया। अल्बा रेडोंडो के शुरुआती हमले को डच गोलकीपर ने नाकाम कर दिया, लेकिन पोस्ट से टकराकर ही गेंद पलट गई। रेडोंडो के अनुवर्ती प्रयास का एक बार फिर वही हश्र हुआ, जिसमें लकड़ी का पोस्ट बचाव के लिए काम आया। 37वें मिनट में स्पेन की गतिरोध तोड़ने की उम्मीदें धराशायी हो गईं। जेनिफर हर्मोसो एक शानदार पास के बाद गेंद को गोल में डालने में सफल रहीं, लेकिन उनके गोल को ऑफसाइड के रूप में खारिज कर दिया गया। 78वें मिनट में खेल का रुख बदल गया. बॉक्स के अंदर स्टेफनी वान डेर ग्रैगट के हैंडबॉल से स्पेन को पेनल्टी मिली। मैरियोना कैल्डेंटी ने मौके पर कोई गलती नहीं की और स्पेन को बढ़त दिला दी।

# विश्व आदिवासी दिवस की धूम,कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

### सभा व रैली बाद राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम मांगो का ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।









विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज कुसमी द्वारा बुधवार को स्थानीय हाई स्कूल ग्राउंड में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों की उपस्थित में सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जहां आदिवासी बालक-बालिकाओं द्वारा आदिवासी संस्कृति ओर ध्यान आकर्षक कराते हुवें मांडर की थाप पर नृत्य पेश किया रैली के दौरान सभी ने मणिपुर की घटना को ध्यान में रखते हुवें हाथ में काली बांधकर आक्रोश रैली निकाला। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला संरक्षक राजेंद्र भगत के मार्गदर्शन में तथा समाज के वरिष्ठ लक्ष्मी प्रसाद निकुंज के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। जहां आदिवासी समाज के वक्ताओं द्वारा समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लड़ाई लड़ने हेतु एकजुट रहने का संदेश दिया। आयोजित सभा के बाद समाज के लोगों ने हाइस्कूल खेल मैदान से रैली निकाल कर पैदल मार्च करते हुवे कुसमी मुख्य मार्ग से होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे यहां पर तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौप कर अपनी मांगो से अवगत कराया। ज्ञात हों की कुसमी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को सर्व आदिवासी समाज द्वारा धूम-धाम से मनाया गया। हाई स्कूल खेल मैदान कुसमी में आयोजित सभा में उपस्थित सभी लोगों ने समाज के विभूतियों के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर आदिवासी परम्परा के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें लक्ष्मी प्रसाद निकुंज ने सभी अतिथियों का मंच पर स्वागत कियाण् अनुसूचित जाती जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ कुमार ने राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम सौंपे जाने वाले मांगो का ज्ञापन का वाचन कर उपस्थित हजारों की संख्या में पहुचे आदिवासियों के बिच साझा किया। राजेंद्र भगत ने उपस्थित आदिवासी समुदाय के लोगों को सम्बोधित कर कहा हम सभी को जागने का समय है। आदिवासियों के साथ नया नया प्रयोग किया जा रहा है। अगर आप लोगों एक जुट नही होंगे अत्याचार के विरुद्ध में काले पन्ने में दर्ज होगा की इस वर्ष आदिवासियों के साथ अत्याचार हुआ है। आपकी संगठन अभी अभी समझिए मेडिकल में 20 प्रतिशत 32 डाक्टरों की पढ़ाई में आज का समय समाज के लिए है इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को कार्यकम में एकजुटता का नारेबाजी कराया। तथा आज के दिन का समय समाज के नाम दिए जाने की बात रखी,

## प्रोफेसर सुषमा भगत ने कहा

कि आदिवासी आदिकाल से निवास करने वाले को कहते हैं जो जल जंगल जमीन के असली मालिक हैए लेकिन सभी एकता के सूत्र में बंध नही पा रहे हैं छोटे छोटे कबीले में बंटकर कमजोर हो गए हैं हमारे समाज को शिक्षा के साथ संविधान को पढ़ना जरूरी है अभी जो देश के कई हिस्सों में घटनाएं हो रही है उसमे आदिवासी महिला ही ज्यादा शिकार हो रही है। हमारे लिए गर्व करने की बात है की आदिवासी समाज लड़का लड़की को एक मानती हैं इनमे भेदभाव नहीं है और महिला व पुरुषो को भी समान मानती हैं उन्होंने कहा कि आगामी 10 व 12 बोर्ड की परीक्षा में जो भी आदिवासी छात्रा ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त करेगी उन्हे अपने तरफ से मैं कक्षा 10 छात्रा हेतु 1100 एवं कक्षा 12वीं के छात्र 2100 सौ रूपये नगद पुरुष्कार दूंगी, आगे उन्होंने कहा क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं को अच्छा काम दिलाने सहित अन्य प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर कर बाहर ले जाते हैं यह गलत है क्षेत्र में मानव तस्करी हो रहा है इसके साथ कई और तरीके से लड़कियो को भी कौशल विकास सहित अन्य स्कीम बताकर बाहर ले जाते हैं कोई समाज के साथ शोषण न कर सके इसके लिए हर किसी को सामने आकर सहयोग करना चाहिए मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार पर भी समाज के बिच चिंता व्यक्त किया।

## पहाड़ी कोरवाओ को वन अधिकार पट्टा का वितरण

आज के इस विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में पहुचे तहसीलदार कुसमी शाशिकांत दुबे ने समाज के बिच 2 कोरवा पहादियों के शासन द्वारा जारी वन अधिकार पट्टा वितरण किए जाने की दस्तावेजों को दिया। समाज के वरिष्ठजनों के हाथों ग्राम पंचायत चैनपुर सेरंगाजोभी के निवासी बेचन पहाड़ी कोरवा को डेढ़ एकड़ व बुन्देल पहाड़ी कोरवा को एक एकड़ कुल भूमि का वन अधिकार पट्टा दिया गया। शासन द्वारा जारी वन अधिकार पट्टा प्राप्त कर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाती के उक्त दोनों सदस्य बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर आज के इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक राजेंद्र भगत, कार्यक्रम के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद निकुंज, रामचंद्र दिवान, भूतपूर्व विधायक डॉ. सोहन लाल, जनपद सदस्य खसरु राम बुनकर, पूर्व सरपंच संतोष इंजिनियर, इंद्रदेव निकुंज, जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज, सरपंच सुनीता भगत, बंसती भगत सहित भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## सामरी में ऑडिटोरियम सामुदायिक भवन स्वीकृति की मांग

*आदिवासी समुदाय के प्रमुखो ने आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री से सामरी में आडोटोरीयम सामुदायिक भवन के स्वीकृती की मांग रखकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लुंड्रा विधायक डॉक्टर प्रीतम राम व सीतापुर विधायक अमरजीत भगत को आदिवासी जन जागरण विकास मंच की ओर से आदिवासी समाज के विभिन्न समाजो के प्रमुखो ने सामरी में आडोटोरियम सामुदायिक भवन के स्वीकृति की मांग की हैं। ज्ञापन में अवगत कराया की सामरी पाठ में 12 आदिवासी समाज का एक धार्मिक एंवं सामाजिक संगठन है। जो समय-समय पर शिक्षा स्वास्थ्य पर जन जागरूकता का कार्य करता रहता है। पूर्व में भी समाज का मुख्याओ द्वारा इस मांग को रखा गया है।*

## एक नजर

### युवा मोर्चा के बिजली विभाग के घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए गुरूपाल भल्ला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





रायगढ़ नगर बिजली विभाग की तानाशाही एवं भर्राशाही से त्रस्त पूर्व में अतिरिक्त बिजली बिल और अब बिजली बंद होने की शिकायत को लेकर जमीन स्तर पर उनके विरुद्ध धरना प्रदर्शन के माध्यम से उतर गया है, मात्र बारिश की आहट या हल्का हवाओं के बीच बिजली विभाग शहर के बिजली व्यवस्था को अस्त व्यस्त कर देता है और विभाग के कमप्लेन नंबर पर कॉल करने से फोन नहीं उठाया जाता या व्यस्त कर दिया जाता है, इसी से त्रस्त शहर युवा मोर्चा द्वारा आमजन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला भाजपा कार्यालय से रैली के रूप में निकलकर पदयात्रा करते हुए बिजली विभाग का घेराव किया और वहां उपस्थित अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। आज के इस धरना एवं पदयात्रा में युवा मोर्चा के साथियों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरुपाल भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा, सतीश बेहरा, विकास केडिया, आलोक सिंह, अरुण कातोरे, गौतम अग्रवाल, आशीष ताम्रकार, रत्तू गुप्ता, सुरेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष डिग्री लाल साहू, शशिकांत शर्मा, अनुपम पाल, गौतम चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा, मेहरून निशा, गोपिका गुप्ता, लक्ष्मी वैष्णव, युवा मोर्चा से प्रवीण द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष मितेश शर्मा, शैलेश माली, आकाश शर्मा, जीवर्धन चौहान, पल्लू बेरीवाल, नितेश सोनी सहित शताधिक भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए।

# 19 से 21 सितम्बर तक पूरी गरिमा के साथ चक्रधर समारोह का होगा तीन दिवसीय आयोजन

### * जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारियां, समारोह में शामिल होने 31 अगस्त तक स्थानीय कलाकार कर सकते है आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चक्रधर समारोह का आयोजन पूरी गरिमा के साथ 19 से 21 सितम्बर तक पंजरी प्लांट ऑडिटोरियम में आयोजित होने जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। स्थानीय कलाकारों की इसमें प्रमुखता से सहभागिता होगी। समारोह में शामिल होने के लिए कलाकार 31 अगस्त तक कलेक्टर कार्यालय के नजरात शाखा में आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही वे सहायक नोडल अधिकारी-चक्रधर समारोह शिव कुमार डिप्टी कलेक्टर से संपर्क कर सकते है। उल्लेखनीय है कि राजा चक्रधर सिंह के पुत्र व विधानसभा सदस्य तथा कैबिनेट मंत्री रहे स्व. भानूप्रताप सिंह के विगत 14 जून को निधन होने के कारण आयोजन समिति की बैठक विलंब से आयोजित की गई। बीते 5 अगस्त को चक्रधर समारोह के आयोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजन समिति की बैठक हुयी। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष चक्रधर समारोह का पूरी गरिमा के साथ त्रि-दिवसीय आयोजन नगर निगम ऑडिटोरियम में करने का निर्णय लिया गया। चक्रधर समारोह का आयोजन 19 सितंबर से 21 सितंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव (भाप्रसे) नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर व डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर को समारोह के आयोजन का सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# अधिवक्ताओं के हित में विभिन्न योजनाओं को लागू करने के अधिवक्ताओं ने अपना कार्य बंद कर धरना प्रदर्शन किया

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित में विभिन्न योजनाओं को लागू करने के लिए पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं ने अपना कार्य बंद कर धरना प्रदर्शन किया। इसी क्रम में पत्थलगांव अधिवक्ता संघ ने भी स्थानीय तहसील कार्यालय में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की साथ ही मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम,तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बजरंग शर्मा, बसंत शर्मा,ज्ञान शर्मा,एसडी बैरागी,राजेश पटेल,घनश्याम बेहरा,आनंद सिन्हा, मोहन प्रसाद यादव,मोहन राम यादव,सुखदेव गुप्ता,बीरबल टोप्पो,सागर पैंकरा,गोकरण डनसेना,सुरेंद्र कच्छप,जयराम भगत,प्रकाश मिंज,दयानिधि यादव,संतोष भोय लंबोदर देहरी,सुखसाय धिरहि,अतुल त्रिपाठी, शुभम त्रिवेदी सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बजरंग शर्मा ने बताया कि छग उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने एवं उसके साथ-साथ मृत्यु दावा राशि 1000000 रुपए करने के साथ सामूहिक जीवन बीमा योजना लागू करने के लिए उक्त प्रदर्शन किया गया जिसमें राज्य सरकार से उक्त मांगों को पूरा करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता हित मे यह मांग वर्षों से लंबित है जिसे जल्द से जल्द पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिल सके।

# सरकारी भेदभाव की वजह से जन प्रतिनिधि द्वारा आत्मदाह का प्रयास दुखद घटना-ओपी

### धमतरी जिला पंचायत सदस्य द्वारा आत्म दाह के प्रयास को ओपी ने निंदनीय बताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



सामान्य सभा की बैठक के दौरान धमतरी जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य में हो रहे भेदभाव को लेकर खुद पर मिट्टी तेल डालकर आत्मदाह किए जाने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा राजनीति से परे विकास को लेकर भेदभाव नहीं होना चाहिए। ऐसी घटनाएं लोक तंत्र को शर्मशार करती है। सामान्य सभा की बैठक के दौरान एक जन प्रतिनिधि द्वारा दुखी होकर आत्मदाह जैसा कदम उठाया है आम जनता के साथ क्या स्थिति होगी इसका अंदाज लगाया जा सकता है। ओपी चौधरी ने घटना के संबंध में खूबलाल धुर्वे आरोप के हवाले से बताया कि खुबलाल के निर्वाचन क्षेत्र में विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। 15 वें वित्त राशि के वितरण को लेकर भेदभाव किया जा रहा था। 15वें वित्त की राशि का वितरण कांग्रेस समर्थित सदस्यों के क्षेत्र में 33 लाख रुपए का किया जा रहा, वही भाजपा समर्थित सदस्यों के क्षेत्र के लिए दस लाख की राशि आवंटित की जा रही है। ओपी ने कहा छत्तीसगढ़ को विकास की राह मे ले जाना है तो विकास को राजनैतिक भेदभाव के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। भाजपा यह विश्वास दिलाती है कि उनकी सत्ता के दौरान ऐसे भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होगा।

# राधेश्याम को नमन करने समाधि स्थल पर जुटी सामाजिक भीड़

### संगीत भजन संध्या से पुण्यात्मा को श्रद्धांजली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मानव का जीवन भले ही छणभंगुर हो किंतु कर्मों का लेखा जोखा वर्षों बरस, पीढ़ी दर पीढ़ी अपना स्मरण कराता रहता है। कुछ ऐसे ही कर्मयोगी, सतपुरुष की गणना में नगर के सबसे बड़े कपड़ा व्यवसाई स्व. राधेश्याम अग्रवाल का नाम भी शामिल है जिनकी तीसरी पुण्यतिथि गत 7 अगस्त सोमवार की संध्या उनके छातामुरा कृष्णा सॉल्वेंट स्थित समाधिस्थल पर बड़ी संख्या में जुटकर सामाजिक लोगों ने अपने काका को नमन करते हुए पुष्पांजली अर्पित की। समाधि स्थल बगिया का दृश्य अद्भुत लग रहा था। इस अवसर पर ऋषिकेश की आध्यात्मिक संस्था से संबद्ध दिव्यजीवनसंघ शाखा रायगढ़ की विशाल सतसंग टीम संगीत विषारद जगदीश मेहर के नेतृत्व और विद्वान श्रीमद्भागवत कथा वाचक प्रोफे. क्रांतिकुमार तिवारी की अध्यक्षता में निर्गुण भजन संगीत व गीता श्लोक के माध्यम से पुण्यात्मा की शांति के लिए दिव्य पाठ का आयोजन देर रात तक चलता रहा। स्व. राधेश्याम के सुपुत्र विष्णु अग्रवाल ने पिता की समाधि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि हमारे पिता कर्मयोगी होने के साथ-साथ हम तीनों भाइयों बिहारीलाल, आनंद के लिए न सिर्फ सबसे बड़े धर्म हैं बल्कि हम सबके जीवन की परम तपस्या हैं। पिता के पद चिन्हों पर चलकर व्यवसाय और नाम को रौशन करने वाले चंद्रपुरिया परिवार की चौतरफा सराहना हो रही है। पुष्पांजली सभा के पश्चात् सभी ने पुण्यतिथि के भोग प्रसाद के साथ भजन संगीत सतसंग का आनंद लिया। कार्यक्रम उपरांत विष्णु अग्रवाल सुपुत्र अनमोल के साथ उपस्थित विप्रजनों व भजन संगीत कलाकारों का सम्मान करते हुए शाल श्रीफल, द्रव्य दान कर विदा किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पारिवारिक गणमान्य संतोष सत्तू राइसमिल, मोहनलाल अग्रवाल, सुनील लेंध्रा, मनोज अग्रवाल, संजय खेमका, कमल रायगढ़ इस्पात, त्रिलोक महमिया, राजेश मोडा, मुकेश मित्तल, सुरेश गोयल सहित सैकड़ों की संख्या मे गणमान्य महिला पुरुष उपस्थित रहे।

**डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने अपराधियों के साथ पुलिस अधिकारियों के भी मंगाये रिकार्ड**

# अपराध नियंत्रण और सोशल पुलिसिंग को मजबूत करने की कोशिश- डीआईजी

### बादल महल में बन रहा पुलिस उपमहानिरीक्षक का कार्यालय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले की पुलिसिंग में कसावट की बहुत जरूरत है। मैंने चार्ज लेते ही यह अनुभव किया है कि जन अपेक्षाओं के अनुरूप पुलिसिंग का अभाव है। इसे दुरुस्त करने के लिए बीट सिस्टम में बदलाव तथा जिले के अपराधियों के साथ-साथ पुलिस अफसरों के भी रिकार्ड मंगाये हैं ताकि अपराध के रोकथाम की कारगर योजना के अलावा पुलिस की कार्यप्रणाली को दुरुस्त किया जा सके। जिले में पुलिस की छवि और कमजोर सोशल पुलिसिंग पर उक्त चिंता व्यक्त करते हुए उपपुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने सिरे से पुलिसिंग सुधारने की आवश्यकता व्यक्त की। मीडिया से बात करते हुए साफ्टवेयर इंजीनियर व 2007 बैच के आईपीएस डीआईजी गर्ग ने बताया कि पुलिसिंग मे टेक्नोलॉजी की ढेरों संभावनाएं हैं और साइबर अपराधों में मै अपने साफ्टवेयर इंजीनियरिंग का भरपूर उपयोग व प्रयोग करुंगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों से साइबर क्राइम का नेटवर्क संचालित हो रहा है और ऐसे अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं, जिनपर लगाम लगाने कारगर प्रयोग जरुरी है। डीआईजी रामगोपाल ने जनता की पुलिस से जुड़ी अपेक्षाओं व पुलिस की छवि को बेहतर करने का आश्वासन दोहराते हुए कहा कि रायगढ़ के लॉ एन ऑर्डर की सभी गतिविधियों पर उनकी नजर बनी हुई है। उन्होंने बड़े अपराधियों के अलावा नये व पुराने पुलिस अधिकारियों के भी रिकार्ड तलब किये हैं। आईपीएस संतोष कुमार सिंह के बाद जिले में कमजोर हुई सोशल पुलिसिंग को बेहतर करने की जवाबदार पहल करते हुए डीआईजी गर्ग ने थानों या खाकी चैनल के अफसरों से असंतुष्ट किसी भी नागरिक को सीधे डीआईजी के दफ्तर आकर समस्या बताने की सहूलियत प्रदान करते हुए यथासंभव त्वरित व न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। डीआईजी ने स्वयं कहा कि अब से पहले समझौता केन्द्रों मे तब्दील थानों की अब प्रत्येक गतिविधि की जानकारी ऊपर तक देने के इंतजाम किये गये हैं। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि अब थाना स्तर पर आपराधिक मामलों के फैसले नहीं होंगें। वहीं शहर मे यातायात बाधा से जुड़ी समस्या पर भी संजीदा होते हुए डीआईजी गर्ग ने ट्रैफिक पुलिस विभाग व नगर निगम के साथ मिलकर इस समस्या का कारगर योजना बनाने की तैयारी से अवगत कराया। डीआईजी ने ना केवल आम नागरिक बल्कि पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी वेलफेयर योजनाओं तथा ड्यूटी से जुड़ी परेशानियों में आगे बढ़कर मार्गदर्शन करने के साथ हौंसला बढ़ाने की बात कही। गौरतलब है कि जिले मे पहली बार रायगढ़, जशपुर व सक्ती जिले को रेंज बनाकर डीआईजी की नियुक्ति की गई है। फिलहाल डीआईजी कार्यालय का निर्माण बादल महल के कमांडेट ऑफिस में व्यवस्थित हो रहा है, इसलिए वर्तमान में डीआईजी कार्यालय पुलिस कन्ट्रोल रुम से संचालित हो रहा है। हालांकि जिस तेजी से डीआईजी गर्ग ने जिले में कमजोर और निरंकुश पुलिसिंग को महसूस कर इसमें त्वरित सुधार की आवश्यकता व्यक्त कर कड़े फैसले लेने की शुरुआत की है, इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि डीआईजी की पदस्थापना केवल रायगढ़ की 13 लाख जनता को ही नहीं बल्कि पुलिस महकमे में भी नये आत्मविश्वास का संचार जरुर करेगी।

# रैली निकालकर एवं मानव श्रृंखला बनाकर शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प

## आकर्षक पेंटिंग एवं रंगोली के माध्यम से मतदान सूची में नाम जुड़वाने के लिए दिए संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज कलेक्टोरेट परिसर से चक्रपाणि स्कूल तक रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली का नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने किया। रैली में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों, स्कूली बच्चें, सेक्टर अधिकारी एवं कर्मचारी गण सहित बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। रैली का समापन गार्डन चौक, बस स्टैंड होते हुए पंडित चक्रपाणि स्कूल मैदान में किया गया। जहां पर छत्तीसगढ़ नक्शे के प्रतिरूप पर वृहद मानव श्रृंखला का निर्माण












स्कूली बच्चों द्वारा बनाया गया। इस मौके पर शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, उपनिर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे उपस्थित रहे। वही दूसरी और सुबह कलेक्टोरेट लॉन एवं गुम्बद हॉल में पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 15 अगस्त के मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### पेंटिंग एवं रंगोली के माध्यम से दिए संदेशएकलेक्टर ने रंगोली में आजमाया हाथ

स्कूली बच्चों द्वारा बड़े ही आकर्षक पेंटिंग एवं रंगोली बनाकर लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता संदेश दिए। बच्चों को रंगोली बनाते देख कलेक्टर चंदन कुमार अपने आप को रोक नही पाएंएउन्होंने बच्चों के संग सहभागी होकर रंगोली बनाने लगे।

### सेल्फी जोन का रहा क्रेज

विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं रैलियों में शामिल हुए छात्र-छात्राओं, अधिकारी कर्मचारी सहित आमजन जिला प्रशासन द्वारा बनाएं गये आकर्षक सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाने के लिए उमड़ पड़े।

कलेक्टर चंदन कुमार एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने सेल्फी लेकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। उक्त सेल्फी जोन के माध्यम से द्वितीय संक्षिप्त पुनिरिक्षण के तहत 18 वर्ष से अधिक वयस्कों से मतदाता सूची ने नाम जुड़वाने की अपील की जा रही है। साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी गुप्ता, पंचायत उपसंचालक सुरेश कंवर, एपीओ मनरेगा केके साहू, गुरुकुल स्कूल की प्राचार्या वंदना तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### स्पंज आयर के जनसुनवाई में फैक्ट्री नहीं खोलने का भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने किया विरोध

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम झिरिया बिटकुली में निजी कम्पनी के द्वारा स्पंज आयर फैक्ट्री नाविक स्टील उद्योग लगाया जाना प्रस्तावित हैं। अब जमीनी कार्यवाही की जा रही हैं जिसके लिए जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के द्वारा 11 अगस्त 2023 को जनसुनवाई किया जा रहा हैं,जिसके के खिलाफ में ग्रामवासी एक जुट होकर,जनसुनवाई स्थल पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर जनभावना को जनसुनवाई करने आये अधिकारियों के सम्मुख तत्थय पूर्वक अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं,विरोध प्रदर्शन में ग्रामीणों का जनसैलाब उमंड पड़ा हैं जनसुनवाई स्थल पर गहमा-गहमी बनी हुई हैं भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया हैं। जनसुनवाई जारी हैं,भाजपा,एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि जनसुनवाई स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते डटे हुए हैं।

### जिले में अब तक 621.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में 1 जून से अब तक 621.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 अगस्त तक औसत वर्षा 672.0 मिमी हुई है। पिछले 24 घण्टे में जिले में 2.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील कोरबा में 593.7 मिमी, भैंसमा में 753.9 मिमी, करतला में 609.4 मिमी, कटघोरा में 728.2 मिमी, दर्री में 668.4 मिमी, पाली में 577.6 मिमी, हरदीबाजार में 490.6 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 601.0 मिमी एवं पसान में 543.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा भैंसमा तहसील में दर्ज की गई है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में परिवर्तन

* अभ्यर्थी अब 17 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाते हुए 17 अगस्त 2023 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर निःशुल्क भरे जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ने बताया कि जिले में मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2023-24 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् मान्यता प्राप्त विद्यालय से अध्ययन किए हुए विद्यार्थी चयन परीक्षा के लिए पात्र होंगे। अभ्यर्थी को कोरबा जिला का वास्तविक निवासी होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी कोरबा जिले के लिए कक्षा छठवीं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा के बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




कोरबा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा विद्यालय के बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाकर जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को दवाई खाने से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इस दवाई को खाने से व्यक्ति के पेट में होने वाले हानिकारक कृमि नष्ट हो जाते है तथा कृमि मुक्त होने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर सौरभ कुमार एवं सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा पात्र लाभार्थियों के पालकों से अपील करते हुए कहा कि कृमिनाशक दवा खाने से वंचित रह गए बच्चों को मॉपअप दिवस 17 अगस्त को एलबेंडाजोल की दवा अनिवार्य रूप से खिलाएं। साथ ही अपने आस-पास के लोगों में इस सम्बंध में जागरूकता लाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम की पूर्ण सफलता हेतु अपना योगदान दे। आपका प्रयास बच्चों में होने वाली कृमि को नियंत्रित कर सकता है। जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.के. सिंह, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दीपक राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी व विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक व स्टाफ उपस्थित थे। बीएमओ डॉ. दीपक राज ने कार्यक्रम में कृमिनाशक दवाई के खुराक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा या पीसकर पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाया जाना है।



इसी प्रकार 2 वर्ष से 3 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चूरा पीसकर पानी के साथ सेवन कराया जाना है तथा 3 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ खिलाया जाएगा। गौरतलब है कि 10 अगस्त 2023 को जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई। साथ ही कृमि नाशक दवाई खाने से छूटे बच्चों को 17 अगस्त 2023 को मॉप अप दिवस पर दवा का सेवन कराया जाएगा। जिससे बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर में वृद्धि के साथ ही उनका बौद्रिक विकास व एनिमिया की रोकथाम हो सके।

## बिना लाइसेंस उर्वरक भण्डारण और बिक्री पर कृषि विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना लाइसेंस के उर्वरक भण्डारण और बिक्री पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। विभाग के अधिकारियों द्वारा पाली विकास खंड के ग्राम हरदी बाजार, सिरली, बोइदा, उतारदा, में कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें कान्हा कृषि केंद्र में पीओएस मशीन और भौतिक उपलब्ध खाद में भिन्नता पाए जाने पर नोटिस दिया गया एवं उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त करने हेतु वरिष्ठालय को पत्र प्रेषित किया गया। नारायण प्रसाद शर्मा ग्राम बोइदा में उर्वरक का भंडारण दर्शित नक्शे में ना करने पर एसएसपी का वितरण प्रतिबंधित किया गया नोटिस जारी किया गया। न्यू रमेश ट्रेडर्स में 8 बैग डीएपी बीमा पीओएस मशीन में एंट्री के पाया गया जिसे विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया पीओएस और उपलब्ध खाद की मात्रा में अंतर के लिए नोटिस जारी कर लाइसेंस निरस्त करने की प्रतिवेदन वरिष्ठलय को प्रेषित किया गया। इसी तरह यदुराज ट्रेडर्स हरदीबाजार में पीओएस मशीन और उपब्ध खाद की मात्रा का मिलान सही नही पाने पर नोटिस दिया जाकर पीओएस में दर्ज नहीं 12 बैग यूरिया को प्रतिबंधित किया गया। उक्त छापामार कार्यवाही उपसंचालक कृषि अजय अनंत एवं कलेक्टर कोरबा के मार्गदर्शन में उर्वरक निरीक्षक राजेश्वरी राय, अनुविभागीय अधिकारी राजेश भारती सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहकर बिना लाइसेंस और गलत तरीके से व्यापार कर रहे बिक्रेताओं को नोटिस जारी के लाइसेंस निरस्तीकरण एवं बिक्री पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई।



## राधेश्याम, संतोष, हरिचंद्र राठिया ने दिखाया दम, 145 सूत्रिय मांग को लेकर घेरा तहसील कार्यालय

सैकड़ों की संख्या में रैली निकालकर सरकार विधायक के खिलाफ नारेबाजी

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा धरमजयगढ विधानसभा क्षेत्र के 145 विषयक समस्याओं को लेकर आज तहसील कार्यालय घरघोड़ा का घेराव किया, शासन प्रशासन की नाकामी को लेकर भाजपा नेता जमकर बरसे साथ ही स्थानीय विधायक लालजीत राठिया पर आरोप मढ़ते हुए निष्क्रिय विधायक कहा, दस साल से धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहते हुए एक भी जन सरोकार कार्य नहीं होने से जनता में आक्रोश है यह कहना है। आदिवासी भाजपा नेताओं का क्षेत्र के 145 समस्या को लेकर हाई स्कूल मैदान से पैदल चलते हुए कर्मा नृत्य के सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों साथ तहसील कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा।







### भाजपा के दिग्गज आदिवासी नेताओं की एकजुटता राजनीति चर्चा जोरों पर

पहली बार धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं का एकजुटता चर्चा का विषय बना

स्व.ओमप्रकाश राठिया जब 2003 में धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने तब से भाजपा में फुट पड़ने की खबर आती रहती थी। बीच-बीच में पार्टी का कलह बाहर भी दिखाई देता था। इस कारण तत्कालीन विपक्ष के नेताओं द्वारा भाजपा पर तंज कसा जाता था, ओपी राठिया अपने विधायक कार्यकाल में पार्टी में मतभेद दुर करने में असफल रहे थे जिसका भारी नुकसान भाजपा को इस क्षेत्र में उठानी पड़ी, जिसके कारण भाजपा का सरकार रहते हुए भी धरमजयगढ़ विधानसभा सीट को यहां भाजपा भारी अंतराल से हार गई थी। राजनितिक विश्लेषण दोनों हार की वजह को पार्टी की अंदरूनी कलह को प्रमुख कारण माना था। भाजपा में आदिवासी नेताओं की बहुलता होने के बाद भी आदिवासी वोटरों को साधने में नाकामी कारण आदिवासी नेताओं का अलगाव मतभेद का लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलता रहा है। इसी अलगाव को एकजुटता में परिवर्तित करने के लिए संगठन ने पार्टी के सभी आदिवासी नेताओं पर मेहनत किया है। भाजपा के भीतर खाने से जानकारी में आया है कि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सभी दावेदारों को एक मंच में लाने का प्रयास दो सालों से लगातार संगठन कर रही थी इसके लिए अलग अलग क्षेत्रों का प्रभारी बनाकर पार्टी को उन क्षेत्रों में मजबूत करने की जिम्मेदारी देकर पार्टी ने सौंपा था। जिसमें सभी नेताओं ने अपना दमखम दिखाया था। आज धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पास आदिवासी नेताओं की लंबी लिस्ट है जिसमें प्रमुख रूप से राधेश्याम राठिया, हरिशचंद्र राठिया, ताराचंद राठिया, संतोष राठिया, रामनाथ बैगा, व स्वर्गीय ओमप्रकाश राठिया की बहु पूर्व प्रत्याशी लीनव राठिया, रजनी राठिया प्रमुख आदिवासी नेताओं में सुमार है, भाजपा ने धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में समन्वय स्थापित करने के लिए लगातार बाहर से प्रभारी बनाकर भेजा। धरमजयगढ़ विधानसभा सीट को भाजपा इस बार हर हाल में जीतना चाहती है इस लिए भाजपा के दिग्गज नेताओं का कार्यक्रम लगातार इस क्षेत्र में किया जा रहा है जिसमें ओपी चौधरी, अभिषेक सिंह, अनुराग ठाकुर, जैसे नाम है जो लगातार धरमजयगढ़ क्षेत्र में दौरा कर पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं। अब देखना यह है कि टिकट वितरण के बाद भी भाजपा में यहीं जोश उत्साह कोयम रह पाती है या कांग्रेस पार्टी का गढ़ कहे जाने वाले इस क्षेत्र के वर्तमान विधायक की रणनीति पूर्व की भांति सब पर भारी रहेगी। आज घरघोड़ा में जिस एक जुटता के साथ धरमजयगढ़ घरघोड़ा छाल कापू व कुडूमकेला मंडल के सभी पदाधिकारी एक साथ नजर आए व सभी आदिवासी नेता एक होकर इस बार चुनाव लड़ने की बात दमदारी से करते हुए लालजीत राठिया को परास्त करने की बात कहां तक पहुंचती है यह समय के गर्भ में है। भाजपा के आदिवासी नेताओं ने जिस तरह से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शंखनाद किया है। इससे तो निश्चित ही वर्तमान विधायक को चिंता करने की आवश्यकता है, घरघोड़ा तहसील कार्यालय का घेराव कर 145 विषयों पर जो जन समस्या को प्रशासनिक टेबल पर भाजपा नेताओं ने रखा है। वह वर्षों से जनता के लिए नासूर बना हुआ है, जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में वर्तमान विधायक को उठाना पड़ सकता है।

## इंस्टाग्राम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने भगवान शिव मां पार्वती की नंगा फोटो एडिट कर किया पोस्ट

विश्व हिंदू परिषद ने 7 दिन के अंदर अपराधी के उपर कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

इंस्टाग्राम में कोई अज्ञात व्यक्ति द्वार भगवान शिव मां पार्वती की नंगा फोटो एडिट कर के पोस्ट किया गया जिसे युवा मोर्चा कुनकुरी मंडल मंत्री अमन वर्मा ने द्वार देखा गया उनके द्वारा लोगों को सुचित किया गया।



जिसके बाद 11 अगस्त 2023 कुनकुरी कल्याण आश्रम में एक आपतकालीन, बैठक राखी गई बैठक में चर्चा करने के बाद विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष करनेल सिंह के नेतृत्व में कुनकुरी थाने में एक आवेदन दिया गया और अपराधी के प्रति कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई जिसमें थाना प्रभारी ने 7 दिन के अंदर अपराधी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है विश्व हिंदू परिषद द्वारा थाना प्रभारी को चेतावनी दी गई है कि अगर 7 दिन के अंदर अपराध के उपर कार्यवाई नहीं होती है तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल एक विशाल धरना प्रदर्शन करेगी। जिसमें जशपुर के युवराज यश प्रताप सिंह जूदेव,विहिप नगर अध्यक्ष राजेश ताम्रकार सुनील अग्रवाल, अमन शर्मा, अमित मिश्रा, राजेश गुप्ता, संकेत पैंकरा, अमन वर्मा, वंश राज गिरी, दीपक, संजय यादव एवं कुनकुरी के कई हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में आदिवासियों ने हाथ पर काली बांधकर निकाली आक्रोश रैली

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

**विश्व आदिवासी दिवस पर सर्व आदिवासी समाज कुसमी ने बुधवार को स्थानीय हाई स्कूल ग्राउंड में हजारों आदिवासियों की उपस्थिति में सभा का आयोजन किया। इस दौरान आदिवासी बालक.बालिकाओं द्वारा आदिवासी संस्कृति ओर ध्यान आकर्षक कराते हुए मांदर की थाप पर नृत्य पेश किया।**



रैली के दौरान सभी ने मणिपुर की घटना को ध्यान में रखते हुए हाथ पर काली बांधकर आक्रोश रैली निकाली। सर्व आदिवासी समाज के जिला संरक्षक राजेंद्र भगत के मार्गदर्शन तथा समाज के वरिष्ठ लक्ष्मी प्रसाद निकुंज के अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। जहां आदिवासी समाज के वक्ताओं ने समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने हेतु एकजुट रहने का संदेश दिया। सभा के बाद समाज के लोगों ने हाइस्कूल खेल मैदान से रैली निकाल कर पैदल मार्च करते हुए कुसमी मुख्य मार्ग से होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर तहसीलदार को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगों से अवगत कराया। कुसमी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को सर्व आदिवासी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। हाईस्कूल खेल मैदान कुसमी में आयोजित सभा में समाज की विभूतियों के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर आदिवासी परम्परा के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लक्ष्मी प्रसाद निकुंज ने सभी अतिथियों का मंच पर स्वागत किया। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ कुमार ने राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम सौंपे जाने वाले मांगों का ज्ञापन का वाचन कर उपस्थित हजारों की संख्या में पहुंचे आदिवासियों के बीच साझा किया। राजेंद्र भगत ने कहा हम सभी को जागने का समय है। आदिवासियों के साथ नया-नया प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने एकजुटता का आह्वान किया।प्रोफेसर सुषमा भगत ने कहा कि आदिवासी आदिकाल से निवास करने वाले को कहते हैं जो जल जंगल जमीन के असली मालिक है। लेकिन सभी एकता के सूत्र में बंध नहीं पा रहे हैं। छोटे-छोटे कबीले में बंटकर कमजोर हो गए हैं। हमारे समाज को शिक्षा के साथ संविधान को पढ़ना जरूरी है। अभी जो देश के कई हिस्सों में घटनाएं हो रही है। उसमें आदिवासी महिला ही ज्यादा शिकार हो रही है। हमारे लिए गर्व करने की बात है कि आदिवासी समाज लडका लड़की को एक मानती हैं। इनमें भेदभाव नहीं है और महिला व पुरुषों को भी समान मानती है। उन्होंने कहा कि आगामी 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में जो भी आदिवासी छात्रा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करेगी, उन्हें अपने तरफ से मैं कक्षा 10वीं छात्रा हेतु 1100 एवं कक्षा 12वीं के छात्र 2100 सौ रूपये नगद पुरस्कार दूंगी। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं को अच्छा काम दिलाने सहित अन्य प्रलोभन देकर बहला.फुसलाकर कर बाहर ले जाते हैं, यह गलत है। क्षेत्र में मानव तस्करी हो रहा है, इसके साथ कई और तरीके से लड़कियों को भी कौशल विकास सहित अन्य स्कीम बताकर बाहर ले जाते हैं। कोई समाज के साथ शोषण न कर सकेए इसके लिए हर किसी को सामने आकर सहयोग करना चाहिए। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार पर भी समाज के बीच चिंता व्यक्त किया। सभा को देवधन भगत सहित अन्य समाज के वरिष्ठजनों ने भी संबोधित कियाए वहीं कार्यक्रम के बीच-बीच में आदिवासी बालक व बालिकाओं द्वारा पारंपरिक गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में शुरुआत से मंच का संचालन व अंतिम में आभार व्यक्त सौरभ कुमार व उत्पल भगत ने किया।

### पहाड़ी कोरवाओं को वन अधिकार पट्टा का वितरण

कार्यक्रम में तहसीलदार कुसमी शाशिकांत दुबे ने 2 पहाड़ी कोरवा को शासन द्वारा जारी वन अधिकार पट्टा के दस्तावेजों को दिया। समाज के वरिष्ठजनों के हाथों ग्राम पंचायत चैनपुर सेरंगाजोभी के निवासी बेचन पहाड़ी कोरवा को डेढ़ एकड़ व बुन्देल पहाड़ी कोरवा को एक एकड़ कुल भूमि का वन अधिकार पट्टा दिया गया। शासन द्वारा जारी वन अधिकार पट्टा प्राप्त कर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाती के उक्त दोनों सदस्य बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर राजेंद्र भगत, कार्यक्रम के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद निकुंज, रामचंद्र दिवान, भूतपूर्व विधायक डॉ.सोहन लाल, जनपद सदस्य खसरु राम बुनकर, पूर्व सरपंच संतोष इंजीनियर,इंद्रदेव निकुंज,जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज, सरपंच सुनीता भगत, बंसती भगत सहित भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### सामरी में ऑडिटोरियम सामुदायिक भवन स्वीकृति की मांग

आदिवासी समुदाय के प्रमुखों ने आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री से सामरी में आडोटोरीयम सामुदायिक भवन के स्वीकृति की मांग रखकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लुंड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम व सीतापुर विधायक अमरजीत भगत को आदिवासी जन जागरण विकास मंच की ओर से आदिवासी समाज के विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने सामरी में ऑडोटोरियम सामुदायिक भवन के स्वीकृति की मांग की है। ज्ञापन में अवगत कराया कि सामरी पाठ में 12 आदिवासी समाज का एक धार्मिक एंव सामाजिक संगठन है। जो समय-समय पर शिक्षा स्वास्थ्य पर जन जागरूकता का कार्य करता रहता है। पूर्व में भी समाज के मुखियाओं द्वारा इस मांग को रखा गया है।

## एक नजर

### एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट सहित बीमा की मांग को लेकर प्रदर्शन, वकीलों ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



तहसील अधिवक्ता संघ घरघोड़ा द्वारा आज सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम घरघोड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ में एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने,मृत्यु दावा राशि 10 लाख करने एवं सामूहिक बीमा की मांग को प्रमुखता से उल्लेखित करते हुए जल्द कार्यवाही की माग की गई है। अधिवक्ताओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ में न्याय रक्षक के रूप में कार्यरत अधिवक्ताओ के प्रति बढ़ते आपराधिक प्रवृत्तियों एवं प्रतिशोध कार्यवाहियों पर अंकुश लगाने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट की नितांत आवश्यकता है। अधिवक्ताओं की मांग है कि जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार कर कार्यवाही की जाए।

#### आश्वासन के बाद भी अधूरी मांगे,अधिवक्ता संघ का आरोप

अधिवक्ता संघ द्वारा बताया गया कि। पूर्व में भी छत्तीसगढ़ के अधिवक्ताओं द्वारा आश्वासन के बाद छत्तीसगढ़ भर में चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था परंतु उसके बाद आज पर्यंत उनकी मांगो को लेकर शासन प्रशासन की ओर से कोई गम्भीरता दिखाई नहीं दी। ज्ञापन के माध्यम से सरकार के समक्ष पुन: मांगो को रखा गया है अगर शासन इस बार भी कार्यवाही नही करती है तो भविष्य में अधिवक्तागण आंदोलित होने मजबूर हो जाएंगे।

### मजदूरी का पैसा मांगने पर पहाड़ी कोरवा से मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को शंकरगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



मामले का विवरण इस प्रकार है। कि 08 अगस्त 2023 को प्रार्थी मिटकु पहाड़ी कोरवा थाना शंकरगढ़ आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की समीद अंसारी निवासी महुआडीह थाना शंकरगढ़ जो सिहार ग्राम में टमाटर की खेती किया है टमाटर के खेत में पहाड़ी कोरवा से मजदूरी कराया था। 08 अगस्त 2023 को मिटकू कोरवा की पत्नी टमाटर के खेत में काम करने का मजदूरी का पैसा मांगने जाने पर समीद अंसारी द्वारा पैसा नही दूंगा कहकर कोरवा महिला को धक्का-मुक्की गाली गलौज करने लगा जिस पर वहा पर उपस्थित मिटकू कोरवा लोग बीच बचाव करने गए जिस पर समीद अंसारी एवं उसके अन्य 3 भाई मिलकर मिटकू पहाड़ी कोरवा एवं अन्य सभी के साथ मारपीट किया गया एवं इलाज कराने का बहाना बनाकर मिटकू कोरवा एवम् अन्य को अपने गाड़ी में जबरन बैठाकर अपने पोल्ट्री फॉर्म बेलसर ले गया एवं कोरवा लोग को वहां से आने नहीं दे रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी को वहा से निकालकर घर भेजा गया। तथा थाना शंकरगढ़ में अपराध क्रमांक 106 /2023 धारा 294 506 323 365 34 भादवि कायम कर समिद अंसारी एवम् उसके 3 अन्य भाइयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

**शासकीय ईव्हीपीजी व कमला नेहरू महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में सीमा पात्रे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय कोरबा में फ टोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के अंतर्गत प्रचार-प्रसार हेतु मानव श्रृंखला का निर्माण एवं संकल्प पत्र का वाचन कर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी प्रकार कमला नेहरू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया एवं विद्यार्थियों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया।




# कोरोना कॉल के बाद स्वतंत्रता दिवस पर इस बार होगा कार्यक्रम

**धरमजयगढ़ में जनपद अध्यक्ष पुनीत कुमार राठिया करेंगे ध्वजारोहण**

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कोरोना काल में सभी तरह सार्वजनिक कार्यक्रमों में पाबंदी लगा दी गई थी। जिसके बाद धीरे धीरे शर्तों के साथ कार्यक्रम करने ढील दी गई। विगत दो तीन साल से राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर कोई भी कार्यक्रम नहीं हो रहा था। लेकिन इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए शासन प्रशासन तैयारी में जुट गई है। प्रति वर्ष की भांति धरमजयगढ़ के क्लब मैदान में इस बार कार्यक्रम होगा। जिसमें 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, राजकीय गीत, कपोत एवं गुब्बारा उड्डयन, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, मार्च पास्ट, 9.32 बजे सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, 9.45 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11.30 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण होगा। वहीं दोपहर 3 बजे टेनिस बॉल क्रिकेट मैच अधिकारी कर्मचारी विरुद्ध गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण के मध्य खेला जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है।




# सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति 20 साल सेवापूर्ण पेंशन की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल का दूसरा दिन

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।



सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति को दूर करने और 20 साल की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग को लेकर सहायक शिक्षको के अनिश्चितकालीन हड़ताल का दूसरा दिन रहा सुबह से ही सहायक शिक्षको ने हड़ताल के मोर्चे में डटे दिखे पत्थलगांव विकासखंड के समस्त एल बी संवर्ग के शिक्षक अनिश्चित कालीन आंदोलन में बैठे हुए हैं। जिसमे महिला शिक्षक भी है। जो अपने छोटे बच्चों के साथ हड़ताल स्थल पर दिखे। सहायक शिक्षक संघ के विकासखंड पत्थलगांव के अध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि छतीसगढ़ के भुपेस सरकार को हमारी जायज मांगों पे विचार कर इसे जल्द लागू करना चाहिए आखिर कब तक हम अपनी मांग के लिए इस तरह आंदोलन करते रजेंगे राज्य कि सरकार को हमारी मांगों पर विचार कर जल्द लागू करना चाहिए स्कूलों में छात्रों की पढ़ाई भी काफी प्रभावित होती है। पर हम मजबूर है।

गौरतलब है कि सत्ता में आने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर कर दी जाएगी। किंतु सत्ता में आने के साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी सरकार इन शिक्षकों के वेतन विसंगति पर कोई निर्णय नहीं ले पाई है। ऐसे में शिक्षकों का ये आक्रोश लाजमी है। अब देखना है कि सरकार चुनाव के पूर्व वेतन विसंगति पर कोई निर्णय लेती है या नहीं। बहरहाल सरकार और शिक्षकों के इस जंग में सरकारी स्कूल के छात्रों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

# अभाविप ने किया स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा अनावरण

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव जिला जशपुर द्वारा पत्थलगांव शहर के बीचो बीच स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा अनावरण किया यह कार्यक्रम सबसे पहले सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में शुरू हुआ जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक मुरारी लाल अग्रवाल, अभाविप नगर अध्यक्ष पवन यादव,नगर सहमंत्री अमन गुप्ता, कार्यक्रम के इसी कड़ी में मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात् इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया द्वारा उद्बोधन हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि इस 21वीं सदी के युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के मार्ग को अपनाना चाहिए तथा जिस प्रकार युवा काल से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने देश अपने समाज के लिए सब कुछ त्याग दिया इसी प्रकार से आज के युवा को आगे आकर स्वामी विवेकानंद के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए आगे उन्होंने कहा कि आज का दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव के लिए ऐतिहासिक दिन है क्यों की पत्थलगांव इकाई पूरे देश में पहली इकाई है जो स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा अनावरण करा रही है हम सब के लिए गौरव का दिन की आज स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा अनावरण हो रहा है। कार्यक्रम के इस कड़ी में जिला संघचालक द्वारा उद्बोधन हुआ उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद उद्यान बहुत सुंदर है वहां हस्त चलित जिम का उपकरण है जिसमें शहर के सभी लोग लाभ ले रहे हैं तथा आज स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा लग जाने के बाद उद्यान का शोभा और ज्यादा बड़ जाएगा उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव कार्यकर्ताओं को शुभकामना दिया तथा कार्यक्रम के इसी कड़ी में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें भारत माता की जय और स्वामी विवेकानंद के जयकारों से शहर गुंजायमान हुआ तथा शोभा यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से निकलकर स्वामी विवेकानंद उद्यान पहुंची उद्यान में आतिशबाजी व मंत्रों के उच्चारण के साथ अभाविप मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया के द्वारा प्रतिमा अनावरण किया गया। तथा सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प अर्पित कर स्वामी विवेकानंद को नमन किया गया इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विभाग संगठन मंत्री दीपक गुप्ता प्रदेश सह मंत्री निखिल मरावी जगदलपुर नगर विस्तारक आदित्य मिश्रा जिला संगठन मंत्री रामेश्वर कश्यप,जिला संयोजक वीरेन्द्र यादव प्रदेश कार्यकारणी सदस्य गुलशन पाण्डेय, नगर उपाध्यक्ष राहुल पटेल, नगर सह मंत्री अमन गुप्ता, कार्यलय प्रमुख आकाश टांडे, एस एफएस प्रमुख प्रिंस सिन्हा,कला मंच प्रमुख अनुराग टांडे, सह प्रमुख आकाश सक्सेना, एस एफडी प्रमुख लक्की शर्मा,सह प्रमुख भास्कर शर्मा, जनजाति प्रमुख रमेश नेताम,विद्यालय प्रमुख अविनाश शर्मा,नगर कार्यकारणी सदस्य दीपक सिंह, वंश टांडे,आदित्य साहू,रूपेश बेहरा,सोनू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -नारायण बाईन, फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in